हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 103, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 11 अक्टूबर, 2023 दिन बुधवार | गाजीपुर/वाराणसी

## हेल्थ टूरिज्म के लिए आयुष क्षेत्र में अपार संभावनाएं : योगी आदित्यनाथ

### मुख्यमंत्री योगी ने होम्योपैथिक फार्मासिस्टों को दिया नियुक्ति पत्र

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हेल्थ टूरिज्म के लिए आयुष के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए हर स्तर पर तैयार होना होगा। हमें आयुष के क्षेत्र में नए-नए शोध करने होंगे। वह मंगलवार को लोक भवन में 393 होम्योपैथिक फार्मासिस्टों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों के लिए 393 आयुष फार्मासिस्ट मिल रहे हैं। ये होम्योपैथ की विधा को निरंतर आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि आयुष क्षेत्र में कैरियर बनाने में लोग संकोच करते हैं। ऐसे में युवाओं को प्रेरित करने की जरूरत है। आयुष से जुड़े हर चिकित्सक अपना संकोच दूर करें। इस दिशा में शोध करें। इस विधा को बढावा दें। इस विधा से जुड़े डॉक्टर ही नहीं पैरा मेडिकल स्टॉफ की भी अहम भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले आयोग की नियुक्ति में कई साल लग जाते थे। अब बदलाव हुआ है। पारदर्शी तरीके से चयन प्रक्रिया हो रही है। प्रदेश सरकार की ओर से छह लाख से



अधिक नौजवानों को सरकारी क्षेत्र में रोजगार दिया गया है। ये व्यवस्था का हिस्सा बनकर पूरी ऊर्जा के साथ प्रदेश को ताकत दें जिससे प्रदेश की समृद्धि बढ़े। हर व्यक्ति को अपना आत्मावलोकन करना होगा। यदि कोई गलत करेगा, उसकी जवाब देही होगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश लगातार नए-नए रोजगार के सृजन का विकल्प बन रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग भारत की परंपरा से जुड़ा रहा है। होम्योपैथ का प्रयोग ग्रामीण इलाके में सर्वाधिक होता है। इसलिए इस विधा को बढ़ाने की जरूरत है। अब हर व्यक्ति आयुष को अपनाने लगा है। कोविड के दौरान यह हम लोगों के लिए सहारा बना। वर्ष 2014 के बाद इस दिशा में तेजी से काम हुआ है। उत्तर प्रदेश में पहली बार आयुष की अलग-अलग विधाओं के लिए डिग्री और डिप्लोमा के कोर्स शुरू करने के लिए आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। परापंरागत दवाओं को बढावा दिया जा रहा है। आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथ कॉलेजों का निरंतर विकास हो रहा है।

**निरंतर हो रहा आयुष का विकास**– आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि महायोगी गुरु गोरक्षनाथ महाविद्यालय बन रहा है। उससे सभी आयुष कॉलेजों को जोड़ा गया है। 393 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। इनसे विभाग के अस्पतालों को काफी फायदा मिलेगा। विभाग के डॉक्टरों एवं कर्मचारियों को प्रोन्नति दी गई है।

### यूपी में सप्ताह भर रह सकता है बिजली संकट, कई विद्युत उत्पादन इकाइयां ठप

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में करीब सप्ताह भर बिजली संकट बरकरार रहेगा। ग्रामीण इलाकों में 5 से 6 घंटे कटौती हो सकती है। करीब 6 घंटे मुख्य आपूर्ति ठप होने का मतलब है कि संबंधित क्षेत्र में लोकल फाल्ट और अन्य कार्यों को मिलाकर 10 घंटे से ज्यादा बिजली नहीं मिल पाएगी। क्योंकि जब 18 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा किया जाता है तो ज्यादातर ग्रामीण इलाके में 10 से 15 घंटे ही बिजली मिल पाती है। प्रदेश की चार उत्पादन इकाइयों में रविवार शाम गड़बड़ी आ गई है। दो इकाइयों में बॉयलर में गड़बड़ी आई है तो एक इकाई में अन्य तकनीकी खराबी बताई जा रही है। इसी तरह एक इकाई में कोयले की आपूर्ति कम होने की वजह से उत्पादन ठप हुआ है। ऐसी स्थिति में राज्य में होने वाले कुल उत्पादन में करीब ढाई हजार मेगावाट की गिरावट आ गई है। इस दौरान बिजली की खपत करीब 21000 मेगावाट है लेकिन मंगलवार को उमस बढ़ाने की वजह से यह खपत 24000 मेगावाट तक जा सकती है। एक तरफ जहां घरेलू उत्पादन कम हुआ है तो दूसरी तरफ खपत बढ़ गई है। इन हालात को देखते हुए पावर कॉरपोरेशन ने कटौती शुरू कर दी है। सोमवार को अधिकृत रूप से कुछ इलाकों में डेढ़ से 2 घंटे तो कुछ इलाकों में तीन घंटे तक बिजली कटौती की गई है।

## डॉक्ट्रेट उपाधि मिलने पर भावुक हुई तंजानिया की राष्ट्रपति, कहा- विदेशी विवि द्वारा पहला पुरस्कार

नई दिल्ली। तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुह हसन तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर दिल्ली में है। राष्ट्रपति पद संभालने के बाद उनकी यह पहली भारत यात्रा है। सामिया सुलुह हसन अपनी यात्रा के दौरान आज हैदराबाद के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) पहुंची। वहां उनके साथ भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद रहे। दिल्ली के जवाहर नेहरू विश्वविद्यालय में अपने संबोधन के दौरान तंजानिया राष्ट्रपति सामिया सुलुह हसन ने भारत की संस्कृति, खान-पान और तौर-तरीको की तारीफ की। उन्होंने कहा, दुनिया कहती है, भारत से प्यार करने के लिए कोई बीच का रास्ता नहीं है। चाहे वह भारतीय संगीत हो या भारतीय सिनेमा या भारतीय व्यंजन, हर तरीके से इसे नापसंद करना मुश्किल है। मैंने इसका अमुभव तब किया था, जब मैं 1998 में हैदराबाद में पढ़ने आई थी। मैं यहां जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय परिवार की सदस्य बनकर खड़ी हूं ना कि अतिथि के तौर पर। यही भारत को एक अतुल्य भारत बनाता है। तंजानिया के राष्ट्रपति सामिया सुलुह हसन के संबोधन के बाद भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों के बारे में चर्चा की। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान कहा,



दोनों देशों के बीच का आर्थिक संबंध एक मजबूत स्तंभ के तौर पर है। तंजानिया के साथ हमारे संबंध कई शताब्दी पहले से हैं। महामारी के दौरान कई चुनौतियां आई, लेकिन हमारे द्विपक्षीय व्यापार में दोनों ओर से मजबूत वृद्धि देखी गई। विदेश में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) की स्थापना को लेकर जयशंकर ने तंजानिया को पसंदीदा स्थान बताया है। उन्होंने कहा, 'इस महीने से वहां क्लास शुरू किया जाएगा। यह दक्षिण के साथ हमारे सहयोग का प्रतीक है। इस संस्थान में संपूर्ण अफ्रीकी महाद्वीप के लिए तकनीकी शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनने की क्षमता है। मेरा मानना है कि 70 छात्रों को फाइनल कर लिया गया है।' उन्होंने आगे कहा, 'जी20 सम्मेलन में अफ्रीका संघ को पूर्ण सदस्यता मिलना बहुत बड़ी सफलता है। पिछले कुछ समय में हमने इसी महाद्वीप में अपने दूतावास खोले हैं।' तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन को जेएनयू से डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान करते हुए जयशंकर इसे गर्व की बात बताई है। उन्होंने कहा, 'इस विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र के रूप में मुझे इसमें विशेष संतुष्टि मिलती है। उन्हें शैक्षिक सम्मान से सम्मानित करके हम दोनों देशों के संबंधों के विशेष पहलू को उजागर करते हैं।' भारतीय विदेश मंत्री ने कहा, 'तंजानिया के करीब 5000 छात्र यहां भारतीय संस्थानों में पढ़ते हैं। भारत कई तंजानिया छात्रों की भी मेजबानी करता है, जो भारत के विश्वविद्यालयों में पढ़ते हैं। क्योंकि वे स्टार्टअप और आविष्कारों के माध्यम से भारत के भविष्य को आकार देते हैं।' डॉक्ट्रेट की उपाधि पाकर सामिया सुलुहू हसन ने कहा कि यह उपाधि मेरे इतिहास में हमेशा अंकित रहेगी।

## भाजपा की प्रयोगशाला में मरे हुए लोगों का इलाज किया जाता है : राहुल गांधी

शहडोल। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के दौरे पर रहे। यहां राहुल गांधी ने जन आक्रोश सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने वरिष्ठ भाजपा नेता आडवानी की एक किताब का जिक्र करते हुए कहा कि आडवानी जी ने कहा था कि आरएसएस और बीजेपी का सच्चा कारखाना गुजरात में नहीं है मगर मध्यप्रदेश में है। आडवानी जी ने कहा था कि मध्यप्रदेश उनका कारखाना है तो मैंने सोचा कि चलो देखें। मैं आपको इसके दो तीन उदाहरण देना चाहता हूं। भाजपा पर तंज कसते हुए राहुल ने कहा कि बीजेपी की लेबोरेटरी में मरे हुए लोगों का इलाज किया जाता है और उनका पैसा चोरी कर लिया जाता है। देश के किसी भी प्रदेश में मरे हुए लोगों का इलाज नहीं किया जाता, लेकिन मध्यप्रदेश में मरे हुए लोगों का इलाज किया जाता है। राहुल गांधी ने महाकाल




घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि पूरे देश में महाकाल के पैसे चोरी नहीं किए जाते लेकिन मध्यप्रदेश में महाकाल से चोरी की जाती है। महाकाल लोक में घोटाला किया जाता है। बच्चों की किताबों, मिड डे मील का पैसा मध्यप्रदेश में चोरी किया जाता है। व्यापमं में एक करोड़ युवाओं का भविष्य बर्बाद किया जाता है। पटवारी बनने के लिए 15 लाख की रिश्वत ली जाती है। बीजेपी की लेबोरेटरी में हर रोज तीन किसान आत्महत्या कर रहे हैं। भाजपा पर हमलावर होते हुए राहुल ने कहा कि भाजपा के कारखाने में हर रोज महिलाओं से दुष्कर्म हो रहा है। बीजेपी की लेबोरेटरी में बीजपी नेता आदिवासियों के ऊपर पेशाब करते हैं। जो जानवरों को भी नहीं खिलाया जाता वो यहां आदिवासियों को खिलाया जाता है।

## बढ़ेगी यूपी पुलिस की कनेक्टिविटी, पुलिस कर्मियों को मिलेगा हाई स्पीड मोबाइल डाटा

लखनऊ। योगी सरकार ने यूपी पुलिस में इस्तेमाल होने वाले सीयूजी नंबर के सिम को अपग्रेड करने का निर्देश दिया है। गृह विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह निर्देश दिए हैं, जिस पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके 3जी सिम की जगह 4जी सिम देने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसको लेकर डीजीपी मुख्यालय के अधिकारियों ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को निर्देशित किया है। 4जी सिम मिलने के बाद पुलिसकर्मियों को हाई स्पीड से जोड़ा जा सकेगा। उन्हें पहले की तुलना में ज्यादा डाटा मिलेगा और उनकी कनेक्टिवटी भी बेहतर होगी, जिससे अपराधों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। यूपी पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी कई वर्षों से 3जी सिम से काम चला रहे हैं। इसमें अब तकनीकी समस्याएं भी आने लगी हैं। मोबाइल टेक्नोलॉजी में बदलाव की वजह से जल्द ही 5जी इस्तेमाल होने लगेगा। वहीं, वर्तमान में इस्तेमाल हो रहे 3जी सिम की वजह से कई जगहों पर नेटवर्क की समस्या का सामना भी करना पड़ता है, जिसे इस पहल से दूर किया जा सकेगा। इसके अलावा ट्राई की गाइडलाइन के मुताबिक मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों को पुलिस के सीयूजी से होने वाली कॉल को प्राथमिकता देनी होगी। उदाहरण के तौर पर यदि किसी जगह बड़ी घटना होने पर आमजन के साथ पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का जमावड़ा लग जाता है, तो वहां मौजूद बीटीएस अधिक संख्या में कॉल करने की वजह से जाम हो जाता है। इस समस्या को देखते हुए ट्राई ने कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर्स को निर्देश दिया है कि वह पुलिस के सीयूजी सिम से होने वाली कॉल को प्राथमिकता प्रदान करे, ताकि आपात स्थिति में इमरजेंसी सेवाओं में देरी न हो।

## ईडी ने कोर्ट में कहा-शराब लाइसेंस के लिए घूस मांगी गई, संजय सिंह की पांच और दिन की मांगी रिमांड

नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाले के मामले में आरोपी आप सांसद संजय सिंह को आज राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने कोर्ट में संजय सिंह की पांच की रिमांड की मांग की। इस दौरान ईडी ने कोर्ट में कहा कि घूस लेने के नहीं, घूस मांगने के सबूत हैं। शराब लाइसेंस के लिए घूस मांगी गई। इससे पहले, संजय सिंह को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने कोर्ट में पेश किया था। जहां से कोर्ट ने सांसद को पांच दिनों की ईडी की रिमांड पर भेज दिया था। रिमांड के दौरान सिंह से पूछताछ हुई तो वहीं दूसरी तरफ उनके करीबियों को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया। ईडी ने विवेक त्यागी और सर्वेश मिश्रा को समन जारी कर पूछताछ की। वहीं दूसरी तरफ कोर्ट के बाहर संजय सिंह के हजारों समर्थक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। गिरफ्तार राज्यसभा सांसद संजय सिंह को 10 अक्तूबर तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में




भेजा गया था। मामले में ईडी ने 10 दिन की कस्टडी मांगी थी। हालांकि कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ईडी के समक्ष कई सवाल उठाए और इसके बाद सिर्फ पांच दिन की रिमांड दी। बीते गुरुवार को राउज एवन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल के समक्ष संजय सिंह को कड़ी सुरक्षा में पेश किया गया था। ईडी ने संजय सिंह की 10 दिन की रिमांड मांगते हुए कहा था कि वह मामले में पूरी तरह से लिप्त हैं। ईडी के वकील ने कहा था कि संजय के घर से कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। गवाहों और अन्य आरोपियों से आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करने के लिए 10 दिन की रिमांड स्वीकार की जाए। अदालत ने ईडी से सवाल किया कि मामला काफी पुराना है और यदि आपके पास साक्ष्य थे तो गिरफ्तारी में इतनी देरी क्यों हुई। अदालत ने ईडी से सवाल पूछा था क्या आपने फोन कब्जे में ले लिया? ईडी के वकील के हां में जवाब देने पर अदालत ने कहा था कि जब फोन आपके पास है तो फिर इसमें आरोपी के साथ इसका आमना-सामना कराने की क्या जरूरत बचती है? आप डेटा वैसे भी निकाल सकते हैं।

## दरोगा ने गर्भवती पत्नी को मारी गोली: सिर पर सवार था खून जूते की रैक के पीछे छिपी; फिर भी दनादन चलाता रहा गोली

झांसी। बंगरा चौकी प्रभारी शशांक मिश्र ने घरेलू विवाद के चलते गर्भवती पत्नी पर सर्विस रिवाल्वर से दनादन तीन गोलियां दाग दीं। दो गोली पत्नी के बाएं हाथ में जा धंसी। खून से लथपथ पत्नी ने पड़ोसी के यहां शरण लेकर किसी तरह जान बचाई। दरोगा रिवाल्वर समेत फरार हो गया। हालांकि, कुछ घंटे बाद ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घायल पत्नी को मेडिकल कॉलेज के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। यहां अब उसकी हालत खतरे से बाहर है। उधर, एसएसपी राजेश एस ने आरोपी चौकी प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस के अनुसार, शशांक मिश्र अपनी पत्नी शालिनी (28) दरोगा पति के सिर पर खून सवार देखकर बुरी तरह सहम उठी थी। दरोगा हाथ में रिवाल्वर लेकर गोलियां दाग रहा था लेकिन, शालिनी ने हिम्मत नहीं हारी। हाथ में कोहनी के ऊपर दो गोलियां लगने से वह खून से लथपथ हो गई। गर्भवती पत्नी को घायल देखकर भी दरोगा शशांक का गुस्सा शांत नहीं हुआ। शालिनी का कहना है कि शशांक के फिर फायर झोंकने पर वह हिम्मत करके बाहर की ओर भागी। बाहर जूते का रैक रखा हुआ था। उसकी आड़ लेने की वजह से वह शशांक को नजर नहीं आई। उसी की आड़ लेकर वह पड़ोसी के घर तक पहुंची। वहां पहुंचने के बाद उसकी जान बची। शोर शराबा सुनकर पड़ोस के लोग भी जुट गए। शालिनी मूल रूप से मऊरानीपुर ब्लाक के लहचूरा गांव की रहने वाली है। उसके पिता अखिलेंद्र रावत भी पुलिस विभाग में दरोगा हैं। इन दिनों कानपुर देहात में एसपी कार्यालय में उनकी तैनाती है। शालिनी के पिता अखिलेंद्र के मुताबिक दिसंबर 2021 में शादी की थी। शादी के कुछ माह बाद से ही विवाद होने लगा था। शशांक मूल रूप से बांदा का रहने वाला है। उसके पिता दया प्रसाद मिश्र भी पुलिस विभाग में दरोगा थे लेकिन, वर्ष 2015 में बीमारी के चलते उनकी मृत्यु हो गई। वर्ष 2016 में शशांक की मृतक आश्रित कोटे में भर्ती हुई। ट्रेनिंग से लौटने के बाद वर्ष 2019 से शशांक झांसी के कई थाने एवं चौकियों में तैनात रहे।

## 221 दिन बाद बालगृह से छूटे अतीक के बेटे, पिता की कब्र पर फूट-फूटकर रोए

प्रयागराज। प्रयागराज के राजरूपपुर स्थित बालगृह में 221 दिन से निरुद्ध अतीक अहमद के बेटे एहजम (18) और अबान (15) सोमवार को छोड़ दिए गए। बाल कल्याण समिति ने दोनों को उनकी बुआ परवीन कुरैशी के सुपुर्द किया है। फिलहाल, दोनों को हटवा स्थित रिश्तेदार के घर में रखा गया है। रात करीब नौ बजे दोनों कसारी-मसारी कब्रिस्तान पहुंचकर पिता व चाचा की कब्र से लिपटकर फूट-फूटकर रोए। इस दौरान लोगों ने उन्हें अतीक और अशरफ की हत्या का वीडियो भी दिखाया। 24 फरवरी को उमेश पाल हत्याकांड के बाद दो मार्च को अतीक के पांच में से दोनों नाबालिग बेटों को बाल गृह में आवासित किया गया था। हालांकि, इन्हें पुलिस कहां ले गई है, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं थी। इसके लिए अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन ने जिला अदालत से दोनों बच्चों का पता लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार लगाई थी। जवाब में धूमनगंज पुलिस ने कोर्ट को बताया था कि दोनों चकिया में लावारिस हाल में घूमते मिले थे, जिन्हें बालगृह में रखा गया है। नाबालिग एहजम चार अक्तूबर को 18 साल का होते ही बालिग हो गया। इस बीच, इनकी रिहाई का प्रकरण सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया। सुप्रीम कोर्ट से रिपोर्ट मांगे जाने के बाद सोमवार को सुबह बाल कल्याण



समिति की बैठक हुई, जिसमें दोनों को छोड़े जाने का निर्णय लिया गया। शाम करीब 5:30 बजे अतीक की दूसरी नंबर की बहन परवीन कुरैशी अपने अधिवक्ता व परिवार के तीन लोगों के साथ राजरूपपुर में 60 फीट रोड स्थित राजकीय बाल गृह पहुंचीं। करीब आधे घंटे में औपचारिकताएं पूरी होते ही दोनों उनके सुपुर्द कर दिए गए। सफेद रंग की कार में भतीजों को लेकर निकलीं परवीन ने हलफनामा देकर बाल कल्याण समिति को बताया है कि दोनों बच्चे पूरामुफ्ती के हटवा गांव में रह रहे रिश्तेदार अंसार अहमद के मकान में रखे जाएंगे। समिति ने उस मकान का सत्यापन भी कराया है। परवीन ने बच्चों के खानपान और सुरक्षा का पूरा ख्याल रखने की शपथ भी ली है। वह समिति के बुलाने पर उपस्थित होंगी और बच्चों के बारे में पूरी जानकारी भी देंगी। सेंट जोसेफ कॉलेज में एहजम का कक्षा 12, जबकि अबान का दाखिला कक्षा 10 में कराया गया है। सूत्रों के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त किए गए सहायक केसी जार्ज (पूर्व संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय लोक कल्याण व बाल विकास संस्थान) जब राजरूपपुर बालगृह में आए थे, तभी दोनों का दाखिला करा दिया गया था। सहायक ने दोनों से बातचीत के बाद 28 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट को रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें दोनों ने कहा था कि वह बालगृह में नहीं रहना चाहते।

## अशरफ का साला सद्दाम बरेली से बदायूं जेल में शिफ्ट, आतिन को रामपुर भेजा गया

बरेली। माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ के साले सद्दाम को बरेली से शिफ्ट कर दिया गया है। बरेली सेंट्रल जेल टू में बंद सद्दाम का नया ठिकाना अब बदायूं जिला जेल होगी। उसके खास गुर्गे प्रयागराज निवासी आतिन जफर को रामपुर जेल भेजा गया है। हाल ही में आतिन को प्रयागराज से, इसके बाद सद्दाम को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। सद्दाम उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार था। उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। दिल्ली से गिरफ्तार कर सद्दाम को बरेली जेल की हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया था। हाई सिक्योरिटी बैरक में सद्दाम परेशान था। उसने मानवाधिकार का हवाला देकर बैरक बदलने की गुहार लगाई थी। वह बार बार सामान्य बैरक में दूसरे बंदियों के साथ रखने की जिद कर रहा था। मंगलवार को उसे बरेली जेल से शिफ्ट कर दिया गया। बरेली जेल में सद्दाम के गुर्गे लल्ला गद्दी और फरहाद समेत कई और लोग बंद हैं। पहले सद्दाम और अशरफ की खातिरदारी कर चुके जेलकर्मी भी यहां तैनात हैं। सूत्रों के मुताबिक यहां फिर से गिरोह पनपने की आशंका थी। ऐसे में जेल अधिकारियों और प्रशासन ने शासन को गोपनीय रिपोर्ट भेजी थी। इसी पर ये निर्णय लिया गया कि सद्दाम और आतिन को अलग अलग जेलों में शिफ्ट कर दिया जाए। दोनों को सेंट्रल जेल टू से रवाना कर दिया गया है। माफिया अशरफ का साला सद्दाम तीन साल से बरेली में ही किराये पर रह रहा था। वह प्रयागराज के रसूखदारों, शूटरों व अन्य जगह से आए लोगों की अशरफ से जेल में मुलाकात कराता था। यहां जिला जेल में अफसरों से लेकर सिपाहियों तक उसने नेटवर्क फैला रखा था। उमेश पाल हत्याकांड की जांच में सामने आया था कि हत्या की साजिश बरेली जिला जेल में ही रची गई थी।

## संपादकीय

# लापरवाही की कीमत, त्योहारों के समय हर बार होता है हादसा लेकिन नहीं तय होती जवाबदेही

कर्नाटक के बंगलुरु और तमिलनाडु के अरियालुर में पटाखों के जखीरे में आग लगने से कम से कम तेईस लोगों की जान चली गई। इससे फिर यही साबित होता है कि प्रशासनिक लापरवाही की कीमत नाहक आम लोगों को चुकानी पड़ती है। गौरतलब है कि शनिवार को बंगलुरु के अट्टीबेले इलाके में पटाखे की एक दुकान में आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर चौदह लोगों की मौत हो गई। वहां दशहरा और दिवाली में कारोबार के मद्देनजर भंडारण करने के लिए वाहन से पटाखे उतारे जा रहे थे कि उनमें आग लग गई। इसके बाद समूची दुकान और गोदाम आग की चपेट में आ गए। हादसे के वक्त वहां पैंतीस से ज्यादा लोग काम कर रहे थे, लेकिन गनीमत यह रही कि उनमें से कई लोग किसी तरह अपनी जान बचा सके। इस त्रासदी पर लोग दुख जता ही रहे थे कि सोमवार को तमिलनाडु के अरियालुर में भी पटाखे के एक गोदाम में आग लग गई और उसमें नौ लोगों की जान चली गई। आमतौर पर ऐसी घटनाओं को हादसा मान लिया जाता और सरकार इसी नजर से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करती है। मगर सवाल है कि हर वर्ष पटाखे की दुकानों, गोदामों और कारखानों में लापरवाही की वजह से आग लगने की घटनाएं सामने आती रहती हैं, लेकिन संबंधित इलाकों का प्रशासन तभी इस मसले पर कुछ सक्रिय दिखता हैं, जब कोई बड़ा हादसा हो जाता और मामला तूल पकड़ लेता है। कर्नाटक या तमिलनाडु में भी हादसे के बाद दोनों सरकारों ने जिम्मेदार लोगों को कानून के कठघरे में खड़ा करने और पीड़ितों को मुआवजा देने की घोषणा की है। सवाल है कि ऐसी त्रासदी की आशंका लगातार बनी रहने के बावजूद संबंधित सरकारी महकमे समय रहते बचाव का कोई पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं करते। सरकारी दस्तावेजों में इससे संबंधित नियम-कायदे दर्ज होंगे, लेकिन उसे जमीन पर उतारने को लेकर शायद ही कभी गंभीरता दिखती है। यों सवाल उठने पर सरकार हमेशा सख्ती के दावे करती है, लेकिन आखिर पटाखे का कारोबार करने वालों को कैसे यह छूट मिल जाती है कि वे निर्धारित नियमों को ताक पर रख कर इस कारोबार में व्यापक स्तर पर लापरवाही बरतते हैं और इसका खमियाजा वहां काम करने वालों को भुगतना पड़ता है? दिवाली और इसके आसपास के अन्य त्योहारों के नजदीक आने के साथ ही पटाखा फैक्ट्रियों में उत्पादन बढ़ जाता है। थोक और खुदरा दुकानों में इसका भंडारण किया जाने लगता है। मगर इससे होने वाले हादसों की संवेदनशीलता का ध्यान रखने की जरूरत नहीं समझी जाती। नतीजतन, हर वर्ष देश के अलग-अलग हिस्से में पटाखा गोदामों और फैक्ट्रियों में आग लगने तथा उसमें जानमाल की भारी तबाही की खबरें आती रहती हैं। निश्चित तौर पर यह महज अंधाधुंध कमाई के लिए पटाखा कारोबारियों की ओर से बरती जाने वाली जानलेवा लापरवाही है, मगर पटाखे से आग लगने की आशंका की अनदेखी करने का दुस्साहस उनमें कैसे आता है? अगर पटाखों की बिक्री को रोका नहीं जा सकता तो क्या यह जरूरी नहीं है कि आग लगने के लिहाज से बेहद संवेदनशील होने के मद्देनजर पटाखों के निर्माण से लेकर इसके समूचे कारोबार और उपयोग को पूरी तरह नियंत्रित तरीके से संचालित किया जाए? किसी बड़े हादसे के सामने आने से पहले तक प्रशासन किस नींद में होता है? ऐसी स्थिति में आखिरी जिम्मेदारी किसकी तय की जाएगी? हर हादसे के बाद केवल जांच, कार्रवाई और मुआवजे की घोषणा करके लंबे समय से कायम इस समस्या से पार नहीं पाया जा सकता।

# इजराइल और हमास के बीच खुले युद्ध का एलान, युद्ध के मुहाने पर दुनिया

गाजा पट्टी की ओर से शनिवार को किए गए हमास के राकेट हमले के बाद उस समूचे इलाके में पहले से जटिल हालात और ज्यादा बिगड़ गए। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को इसे जंग की स्थिति कहना पड़ा। उन्होंने यहां तक कहा कि हमारे दुश्मनों को इसकी ऐसी कीमत चुकानी होगी, जिसके बारे में उनको पता भी नहीं होगा। दूसरी ओर, हमास के एक नेता ने भी कहा कि अब बहुत हो चुका। यानी एक तरह से हमास और इजराइल के बीच खुले युद्ध का एलान हो गया है और अब नहीं चाहने के बावजूद दुनिया के सामने एक और ऐसी त्रासदी को देखने की नौबत आ गई है, जिसमें आखिरी खमियाजा आम लोगों को ही भुगतना पड़ता है। ताजा हमले के बाद हमास ने दावा किया कि उसने बीस मिनट के भीतर इजराइल पर पांच हजार राकेट दागे। इसके अलावा, हमास के कई आतंकी भी इजराइली सीमा के भीतर दाखिल हो गए और उन्होंने वहां के कई सैनिकों को पकड़ने का भी दावा किया। दोनों तरफ जान-माल का अच्छा खासा नुकसान हुआ है। साथ ही हिज्बुल्ला के भी मैदान में कूद पड़ने से नए समीकरण उभरने के संकेत हैं। इजराइल और हमास के बीच टकराव से इस बार न केवल उस समूचे क्षेत्र में तस्वीर ज्यादा बिगड़ने की आशंका है, बल्कि इसका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी असर पड़ सकता है। दरअसल, पहले दिन ही फ्रांस, जर्मनी और यूरोपीय संघ ने जहां हमास के हमलों की निंदा की, वहीं ईरान की ओर से हमास का समर्थन करने की खबरें आईं। यानी इस मसले पर अभी से खेमे बनने शुरू हो गए हैं और कहना मुश्किल है कि ताजा घटनाक्रम कौन-सी दिशा अख्तियार करेगा। इसलिए स्वाभाविक ही इजराइल में भारतीय दूतावास ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए वहां रह रहे भारतीय सतर्क रहें और स्थानीय प्रशासन की ओर से दिए जा रहे दिशानिर्देशों का पालन करें। इस बार हमास के तेज हमले और उसके प्रति इजराइल की प्रतिक्रिया में जिस स्तर का तीखापन देखा जा रहा है, उसमें हालात तुरंत संभलने की उम्मीद कम ही है। इजराइली सेना ने भी युद्ध की घोषणा कर दी है। अब युद्ध और हिंसा का दायरा यदि और फैला तो इसकी चपेट में अधिक संख्या में आम नागरिक आएंगे। गौरतलब है कि हमास और इजराइल के बीच टकराव का एक लंबा इतिहास रहा है। वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी, गोलन हाइट्स पर कब्जे को लेकर दो अलग-अलग पक्षों और पूर्वी येरूशलम में नागरिकता को लेकर दोहरी नीति आदि मसलों पर विवाद की जड़ से शुरू हुआ टकराव आज इस दशा में पहुंच चुका है कि इजराइल और फिलस्तीन आमतौर पर आमने-सामने ही रहते हैं। इजराइल की नीतियों और कई बार आक्रामक फैसलों को लेकर फिलस्तीन के विद्रोही गुट हमास की ओर से आक्रामक प्रतिवाद किया जाता है। विडंबना यह है कि इस मसले को हल करने या शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई ठोस पहलकदमी नहीं देखी जाती है। इसलिए हमास के हमले और उसके जवाब में इजराइल की प्रतिक्रिया का नतीजा क्या निकलना है, यह समझा जा सकता है। यह छिपा नहीं है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के नतीजे में केवल प्रभावित इलाकों के नागरिक ही मुश्किल में नहीं है, बल्कि अनाज की आपूर्ति से लेकर अन्य संबंधित मामलों और कारोबार पर भी इसका असर पड़ा है। दुनिया के कई देशों को इसका नुकसान उठाना पड़ रहा है। अब इजराइल और हमास के टकराव के बाद भी युद्ध के जटिल हालात खड़े होते हैं, तो उसका हासिल सिर्फ एक नई त्रासदी ही होगी। युद्ध किसी समस्या का हल नहीं है।

# महिलाओं की दुखती रग की रिपोर्ट के बल पर अर्थशास्त्र विज्ञान में नोबेल पुरस्कार 2023 पाया

**एडवोकेट किशन भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि महिलाओं का सर्वाधिक सम्मान भारत में किया जाता है। आदि अनादि काल से यहां महिलाओं को देवी तुल्य माना जाता है जो हम मां लक्ष्मी दुर्गा काली पार्वती मां सरस्वती सहित अनेकों नाम इतिहास, मान्यताओं व कहानियों में देखते सुनते रहते हैं। सबसे बड़ी उपलब्धि अभी लोकसभा में उच्च सदन में 214/0 यानें सवार्नुमति से और निचले सदन में 454/2 से महिला आरक्षण बिल याने नारी शक्ति वंदन विधेयक2023 पारित हुआ है। हालांकि इसे लागू 2029 या 2034 में करने की संभावना है। परंतु आज 9 अक्टूबर 2023 को देर शाम अमेरिका की महिला प्रोफेसर क्लॉडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र विज्ञान याने इकोनॉमिक्स साइंस में जिस विषय पर नोबेल पुरस्कार 2023 देने की घोषणा की गई है वह महिलाओं की दुखती रग पर 200 वर्षों के आंकड़ों की स्टडी पर आधारित है कि, दुनियां भर में अर्थव्यवस्थाओंकेमॉडर्नलाइजेशन होने के बावजूद महिलाओं की कमाई पुरुषों के मुकाबला से काफी कम है और महिलाएं किस क्षेत्र में काम कर रही है यह भी उनकी कमाई पर गहरा असर डालता है। जबकि प्रोफेसर क्लॉडिया गोल्डिन की स्टडी में यह भी सामने आया है कि महिलाओं ने पुरुषों से बेहतर शिक्षा हासिल की है, जिसका सटीक उदाहरण हम भारत में भी देख रहे हैं कि शिक्षा में माध्यम से उच्चस्तर तक भी शासकीय सेवाओं की परीक्षाओं में भी पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं बाजी मार रही है। वर्तमान परिपेक्ष में अगर हम हांगझोउ चीन में 23 सितंबर से 8 जुलाई 2023 को संपन्न हुए एशियाई गेम्स में भारत को 107 पदों से चौथा स्थान प्राप्त किया है, जिसमें महिला विजेता खिलाड़ियों का सराहनीय योगदान रहा है, परंतु इस सत्य को रेखांकित करना जरूरी है कि, महिलाओं के साथ पक्षपात और पुरुषों से उनकी कम कमाई रहती है जिसे हम एक सामान्य मेहनताने रोजगार से भी लगा सकते हैं, जिसमें यह प्रचलित है कि महिला या रेजा की रोजी 300 रुपए तो पुरुष यानी कुली की रोजी रुपए 400 इसी तरह हर संगठित और असंगठित क्षेत्र में इस तरह के रोजगार में भेदभाव है। जिसकी खाई को पटना समय की मांग है। बता दें कि यह पुरस्कार पाने वाली 55 वी शख्सियत है जबकि 1969 से 6 क्षेत्र में प्राप्त होने वाले नोबेल पुरस्कारों के अतिरिक्त इस अर्थशास्त्र विज्ञान क्षेत्र में पुरस्कार की शुरूआत होने के बाद अर्थशास्त्र का नोबेल पाने वाली यह तीसरी महिला है। इसके साथ ही 2 से 9 अक्टूबर 2023 तक चले इस घोषणा सीजन का कार्य क्षेत्र समाप्त हो गया है। चूंकि अर्थशास्त्र विज्ञान क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार अमेरिका की पुरस्कार विजेता को अपनी रिसर्च, महिलाओं को पुरुषों की अपेक्षा कम मेहनताना या कमाई मिलती है, किया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे दुनियां भर की अर्थव्यवस्थाओं के मॉडर्नाइजेशन के बावजूद महिलाओं की कमाई पुरुषों के मुकाबले कम पर रिसर्च में नोबेल पुरस्कार सराहनीय उपलब्धि है।



साथियों बात अगर हम नोबेल पुरस्कार घोषणाओं के अंतिम दिन 9 अक्टूबर 2023 को देर शाम अर्थशास्त्र विज्ञान में नोबेल पुरस्कार विजेता की घोषणा की करें तो, रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने अर्थशास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार 2023 का एलान कर दिया है। अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में 2023 के स्वेरिग्स रिक्सबैंक पुरस्कार क्लाउडिया गोल्डिन को देने का फैसला लिया गया है। उन्हें महिलाओं के श्रम बाजार के परिणामों के बारे में हमारी समझ को उन्नत या विकसित करने के लिए यह सम्मान दिया गया है। प्रोफेसर क्लॉडिया गोल्डिन को महिलाओं के श्रम बाजार के परिणामों के बारे में हमारी समझ को बेहतर बनाने के लिए अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर क्लॉडिया गोल्डिन को साल 2023 का इकोनॉमिक्स का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के महासचिव हैंस एलेग्रेन ने सोमवार को यहां पुरस्कार की घोषणा की। गोल्डिन इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाली तीसरी महिला हैं।

साथियों बात अगर हम अर्थशास्त्र विज्ञान में नोबेल पुरस्कार विजेता के बारे में जानने की करें तो, क्लाउडिया गोल्डिन ने सदियों से महिलाओं की कमाई और श्रम बाजार भागीदारी का पहला व्यापक विवरण मुहैया कराने का काम किया है। उनके शोध से बदलाव के कारणों और शेष लिंग अंतर के मुख्य स्त्रोतों का पता चला। इनके रिसर्च से पता चला कि वैश्विक श्रम बाजार में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत कम है और जब वे काम करती हैं तो पुरुषों की तुलना में कम कमाती हैं। गोल्डिन ने अभिलेखों का पता लगाया और 200 वर्षों से अधिक का डेटा एकत्र किया, जिससे उन्हें यह साबित किया कि कमाई और रोजगार दरों में लिंग अंतर कैसे और क्यों बदल गया? क्लाउडिया गोल्डिन 1989 से 2017 तक एनबीईआर के अमेरिकी अर्थव्यवस्था विकास कार्यक्रम की डायरेक्टर थीं। वह एनबीईआर के 'जेंडर इन द इकोनॉमी' समूह की कोडायरेक्टर भी हैं। क्लाउडिया गोल्डिन की सबसे हालिया किताब करियर एंड फैमिलीः वीमेन्स सेंचुरी-लॉन्ग जर्नी टुवड्र्स इक्विटी है। गौरतलब है कि नोबल में अर्थशास्त्र पुरस्कार 1968 में स्वीडन के सेंट्रल बैंक द्वारा बनाया गया था। साल 2022 में पूर्व फेडरल रिजर्व अध्यक्ष बेन बर्नान के, डगलस डब्ल्यू डायमंड और फिलिप डायबविग को अर्थशास्त्र का नोबल मिला था। पिछले साल तीन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को मिला था सम्मान रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने पिछले साल अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार बेन एस बर्नान के, डगलस डब्ल्यू डायमंड और फिलिप एच डायबविग को दिए थे। इन्हें बैंकों और वित्तीय संकटों पर शोध के लिए सम्मानित किया गया था। तीनों पुरस्कार विजेताओं ने विशेष रूप से वित्तीय संकट के दौरान अर्थव्यवस्था में बैंकों की भूमिका के बारे में हमारी समझ में काफी सुधार किया था। उनके शोध में एक महत्वपूर्ण खोज यह है कि बैंकों के पतन से बचना क्यों महत्वपूर्ण है। साथियों बात अगर हम अर्थशास्त्र विज्ञान में भारत द्वारा पूर्व में दो नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने की करें तो, इकोनॉमिक्स में पहला नोबेल साल 1998 में भारत के मशहूर अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन को मिला और इसके लंबे अरसे बाद, साल 2019 में दूसरा नोबेल अभिजीत बनर्जी को मिला. इन दोनों ही नोबेल पुरस्कार विजेताओं को ताल्लुक पश्चिम बंगाल से है।

# एक स्मरण पितरों के नाम (पितृपक्ष पर खास)

जखनियां। गाजीपुर। हमारे पूर्वजों द्वारा स्थापित श्राद्ध कर्म की परम्परा के अनुसार मृत्यु को प्राप्त हुए पितर जन आज भी परिवार का हिस्सा माने जाते हैं।जो आज भी जीवित है। जिसके अंतर्गत पितरों को तर्पण श्राद्ध और पिंडदान करके उन्हें आदर पूर्वक स्मरण करते हुए उनके आदर्श आचार सुविचार और अनुकरणीय सिद्धांत के प्रति आभार प्रकट किया जाता है। प्रस्तुत है अपने पितरों के प्रति कुछ पितृभक्तो के विचार -



गौरीशंकर पाण्डेय



रामेश्वर प्रसाद जायसवाल



श्रीराम जायसवाल



सतीश जायसवाल



राजीव यादव



संपूर्णानंद राय



डाक्टर राजेश चौबे



रमेश यादव

डाक्टर राजेश चौबे सोनबरसा (हरदासपुर) अपने पिता को स्मरण करते हुए कहते हैं कि -हमारे पिता स्वर्गीय रामवृक्ष चौबे व्यवहार कुशल एवं उदारवादी दृष्टिकोण के व्यक्ति थे। सबको समान आदर भाव से देखा करते थे। अपने परिवार में झूठ छल कपट से दूर रहकर सबके साथ मधुर व्यवहार अपनाने पर बल देते थे। पुत्र धर्म की शिक्षा देकर माता पिता के प्रति अपने कर्तव्य निर्वहन की शिक्षा और प्रेरणा देते थे।

गौरीशंकर पाण्डेय , खड़ौरा (बड़ागांव)कहते हैं कि मेरे पिता स्वर्गीय कुबेर पाण्डेय सनातन धर्म के पूरा समर्थक थे। हिन्दू रीति-रिवाजों को अपने पूर्वजों की आदर्श परंपरा मानते हुए श्राद्ध पक्ष में पूर्वजों के प्रति तर्पण का कार्य नियमित संपादित किया करते थे। कहते थे माता पिता के ऋण को चुकाने के लिए श्राद्ध कर्म नितांत आवश्यक है। श्राद्ध कर्म करने से घर में सुख शांति समृद्धि और वंश की वृद्धि होती है।

चकमलूक (सिखड़ी) निवासी राजीव यादव बताते हैं कि आश्विन मास का शुक्ल पक्ष पितृ जनों के लिए श्रद्धात्मक श्राद्ध का पक्ष है। मेरे पिता स्वर्गीय इन्द्रधारी यादव अपने पितरों के प्रति श्रद्धा भाव बखूबी निभाते थे। गरीबों की हर संभव सहायता करना उनकी दिनचर्या में शमिल था।

शिक्षक संपूर्णानंद राय इ०का०सिखड़ी अपने पिता को याद करते हुए कहते हैं कि में मेरे पिता स्वर्गीय रामपति राय धार्मिक और सद्विचार ईमानदार और चरित्रवान व्यक्तित्व के धनी थे। शिक्षा के प्रति उनकी गहरी रुचि थी। उनका कहना था कि शिक्षा समाज की वह रोशनी है। जिसमें सबकुछ साफ दिखाई देता है।

पंडित मदन मोहन मालवीय इ०का०सिखड़ी के उपाचार्य योगेन्द्र नाथ राय का कहना है कि मेरे पिता स्वर्गीय हरिहर राय जीवन जीवनभर गरीबों पर होने वाले अन्याय के खिलाफ रहे।दीन दुखियों की सेवा करना तथा उनके प्रति स्नेह रखने की प्रेरणा देते थे।उनकी व्यवहार कुशलता के चलते लोग बहुत प्यार करते थे।

दुल्लहपुर बाजार के मूल निवासी रामेश्वर प्रसाद जायसवाल जायसवाल अपने पिता को याद कर कहते हैं। मेरे पिताजी स्व० सीता राम जायसवाल जी अपने सिद्धांतों से कभी समझौता करने के पक्षधर नहीं थे। निर्भीक और दृढ़ निश्चय की प्रतिमूर्ति थे।अपना कार्य स्वयं करनें में विश्वास रखते थे। कहते थे अपना कार्य किसी दूसरे के भरोसे छोड़ना अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही का पर्याय है।

स्थानीय जखनियां बाजार निवासी सतीश जायसवाल का कहना है कि मेरे पिता स्वर्गीय हरी जायसवाल में आदर्श पिता के सभी गुण विद्यमान थे। पारिवारिक संगठन के अच्छा ज्ञान के साथ सामाजिक संतुलन और समरसता बनाए रखने में पिता जी की अहम भूमिका थी। उनका स्वरोजगार पर ज्यादा जोर था।परिवार के प्रत्येक सदस्य को बराबर का स्नेह दिया करते थे। भगवद्भक्ति और भगवत भजन उन्हें बहुत प्रिय था।

बुढानपुर गांव निवासी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी एवं मान्यता प्राप्त पत्रकार श्री राम जायसवाल कहते हैं कि मां की ममता का कोई मोल नहीं। मां का प्यार वह शक्ति है जिसमें दुनिया को बदलने की सामर्थ्य है। मेरी मां स्व०राजकुमारी जायसवाल सहनशील धीर गंभीर महिला होने के साथ साथ सनातन धर्म में आस्था और विश्वास खूब रखती थीं।

चौकड़ी (हंसराजपुर) के पत्रकार रमेश यादव अपने पिता को स्मरण करते हुए कहते हैं कि मेरे पिता स्वर्गीय जगराम यादव का पशुओं के प्रति स्नेह बहुत था।गौ-सेवा को ज्यादा महत्व देते थे। कहते थे कि मनुष्य के कर्म प्रधानता में गौ सेवा का प्रमुख स्थान है।पर्यावरण के प्रति भी अपना लगाव रखते हुए कई पौधा रोपड़ किए थे।जो समय से अब फल प्रदान कर रहे हैं। उनका पारिवारिक आदर भाव समानता का प्रतीक था।

# काशी में आयोजित होगी इंटरनेट एडिक्शन व मानसिक स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय सेमिनार

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। आज पूरी दुनिया इंटरनेट एडिक्शन से परेशान है लगभग 8% विश्व की जनसंख्या इंटरनेट एडिक्शन चपेट में है भारत भी इससे अछूता नहीं है युवा सबसे अधिक इंटरनेट एडिक्शन के गिरफ्त में आ रहें हैं इंटरनेट एडिक्शन से अनेक शारीरिक एवं मानसिक समस्याएं हो रही है` विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन नहीं लग रहा है जबकि आम लोग अपने कार्य में ध्यान लगाने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं इसी को ध्यान में रखते हुए विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 12 अक्टूबर को इंटरनेट एडिक्शन एवं मानसिक स्वास्थ्य विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया है उक्त बातें राष्ट्रीय सेमिनार के वरिष्ठ संरक्षक एवं संस्थापक अध्यक्ष नई सुबह संस्था के डाँ अजय तिवारी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए




कही` राष्ट्रीय सेमिनार के कन्वेनर डॉ वेद प्रकाश मनोविज्ञान विभाग, वसंता कॉलेज फॉर वूमेन वाराणसी ने बताया कि इस सेमिनार में इंटरनेट एडिक्शन एवं मानसिक स्वास्थ्य पर दो दर्जन से अधिक पेपर प्रस्तुत किए जाएंगे जिसमें इंटरनेट एडिक्शन के कारण, प्रभाव एवं बचाव के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा किया जाएगा जिससे इंटरनेट एडिक्शन के दर को कम करने में मदद मिलेगी देश भर से आए शोध पत्रों में से सर्वोत्तम शोध पत्र को बेस्ट पेपर अवार्ड से सम्मानित किया जाएग` वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक एवं राष्ट्रीय सेमिनार के मीडिया प्रभारी डॉ मनोज तिवारी ने बताया कि सेमिनार में दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा व उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न प्रदेशों से मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, शोधार्थी तथा छात्र-छात्राएं, शिक्षक, समाजिक कार्यकर्ता, मनोवैज्ञानिक शामिल होंगे उन्होंने यह भी बताया कि आयोजन समिति पूरे वर्ष भर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम तैयार कर रही है` पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से डॉ गरिमा गुप्ता, ज्योत्सना सिंह, कृष्णा व्यास, अर्पित मिश्रा, अनुराग तिवारी, डॉ आदित्य उपस्थित रहें` कार्यक्रम का संचालन डॉ मनोज तिवारी तथा अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ अजय तिवारी ने किया।

## आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरा माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा गांव से पहुंच ब्लॉक मुख्यालय तक

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विकासखंड चोलापुर में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत शहीदों के सम्मान में मेरा माटी मेरा देश कलश यात्रा विभिन्न गांव के ग्राम प्रधानों के प्रतिनिधित्व में गांव से चलकर स्थानीय ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंचा। चोलापुर खंड विकास अधिकारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री की पहल पर शहीदों के सम्मान में जहां पूरे देश में मेरा माटी मेरा देश कलश यात्रा का कार्यक्रम चल रहा है वहीं चोलापुर ब्लॉक मुख्यालय अंतर्गत सभी गांव से आम जन मानस ने अपने-अपने घरों के मिट्टी व अक्षत को



अमृत कलश में डालकर अपने ग्राम प्रधानों को सौंपा` यह मिट्टी अमृत कलश यात्रा के माध्यम से शहीदों के सम्मान में लखनऊ पहुंचाया जाएगा वही चोलापुर ब्लॉक मुख्यालय पर भारी संख्या में पहुंचे अमृत कलश यात्रा के लोगों को सेना के जवानों ने हाथ में तिरंगा झंडा लिए भारत माता की जय उद्घोष के व बैण्ड बाजा के साथ उत्साहवर्धन करते रहे` अमृत कलश यात्रा में पहुंचे लोगों ने भारत माता की जय उद्घोष के साथ ही अमृत कलश को खंड विकास अधिकारी के समक्ष सम्मान पूर्वक समर्पित कर दिया` अमृत कलश यात्रा में श्याम नारायण सिंह खंड विकास अधिकारी एडीओ प्रमोद पाठक ग्राम पंचायत अधिकारी उपेंद्र दीक्षित बेनीपुर कलाँ प्रधान हरिलाल चौहान, प्रधान पति मंगौलेपुर सुनील कुमार, ग्राम प्रधान अजीत सिंह उर्फ (नन्हकू ), ग्राम प्रधान राम राजभर, प्रधान प्रतिनिधि खरदहाँ राधेश्याम, महदाँ प्रधान पति मनोज सिंह टिसौरा प्रधान पति संजय यादव जनप्रतिनिधि दीपक सिंह रोजगार सेवा के मनीष सिंह विनोद कुमार मनोज कुमार सफाई कर्मियों में अखिलेश विजय जमालुद्दीन राकेश समेत दर्जनों ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## मथुरा और वृंदावन के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा होगा रामलीला का मंचन

प्रखर शाहगंज जौनपुर। श्री रामलीला समिति द्वारा आयोजित लीला मंचन को सफल बनाने के लिए सोमवार की देर शाम समिति के लोगों ने नगर भ्रमण कर नागरिकों से परिवार के साथ लीला मंचन मे पहुंचने और प्रभु श्रीराम की लीलाओं को देख उसे अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील की। समिति के अध्यक्ष संदीप जायसवाल के नेतृत्व में रामलीला भवन से निकली गई यात्रा में भारी संख्या में समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। ढोल मजीरे, गाजा बाजा व रामधुन के साथ चल रहे लोगों ने दिन और रात की होने वाली प्रभु राम की लीला को देखने के लिए लोगों से अपील की। इस बार लीला मंचन के लिए वृंदावन मथुरा प्रसिद्ध कलाकार होंगे, रात्रि की लीला मंगलवार से शुरू हो रही है। पक्का पोखरा पर होने वाली दिन की लीला रविवार से शुरू होगी। दोनों लीलाओं का 23 अक्टूबर तक मंचन होगा। इस मौके पर पूर्व रामलीला अध्यक्ष अनिल मोदनवाल, समिति के महामंत्री सर्वेश चौरसिया व अर्पित जायसवाल उपाध्यक्ष रामकुमार अग्रहरि, संजय अग्रहरी,भुवनेश्वर मोदनवाल,सुनील अग्रहरी,नरेंद्र अग्रहरी विज्ञापन प्रमुख श्रेयांश गुप्ता, समिति के मंत्री अजय अग्रहरी,राजीव सिंह,सियाराम अग्रहरि,कार्यालय प्रभारी गिरधारी लाल अग्रहरी , संगठन मंत्री देवेश जायसवाल, बिस्मिल्लाह भाई तारकेश्वर साहनी, मिथिलेश नाग, देवी प्रसाद चौरसिया, आशीष प्रीतम, सानू अग्रहरि, राकेश श्रीवास्तव, अश्वनी अग्रहरि सोमेश बनर्जी, उमेश जायसवाल समेत भारी संख्या में रामभक्त मौजूद रहे।

## रफ़्तार

छुक छुक की धुन
के साथ
गाड़ी
पकड़ चुकी थी रफ्तार
क्योंकि
उसी में उसकी
जीवंतता थी
रफ्तार ड्डड्ड
क्योंकि उसे जाना था
गन्तव्य तक
रफ्तार ड्डड्ड
क्योंकि
गार्ड ने
दे दी थी
हरी झंडी
और मैं सुन रहा था
उसकी छुक छुक में
वह जीवन-संगीत
जिसका
प्रतिपाद्य था
मिलना-बिछुड़ना
हँसना-रोना
आना-जाना
और अंततः
पहुँचना मंजिल तक ।



**अभिषेक उपाध्याय श्रीमंत
देवराजपुर, सुल्तानपुर, उ.प्र.**

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का हुआ आयोजन, मानसिक रोगियों को दिया प्रमाण पत्र

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस जो प्रत्येक वर्ष 10 अक्टूबर को पूरे देश में मनाया जाता है इसी को लेकर मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन प्रभारी सीएमओ डॉ जे एन सिंह की अध्यक्षता में किया गया और इस अवसर पर लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति कैसे जागरूक रहना है और अन्य को करना है इस बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस बार का थीम मेंटल हेल्थ इस यूनिवर्सल ह्यूमन राइट रहा। इस कार्यक्रम में गोष्टी के अलावा हस्ताक्षर अभियान के साथ ही मानसिक विकलांग को सर्टिफिकेट और फल वितरण का भी कार्यक्रम किया गया



प्रभारी सीएमओ डॉ जे एन सिंह ने बताया की हर साल 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ और वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने मिलकर वर्ष 1992 में 10 अक्टूबर के दिन वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे सेलिब्रेट करने की घोषणा की थी। उसके बाद से यह दिन प्रत्येक वर्ष मनाया जाने लगा। इस दिन को मनाने का उद्देश्य है मानसिक स्वास्थ्य के बेहतर बनाए रखने के प्रति लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में शिक्षित करने और मेंटल हेल्थ के मुद्दों को लेकर समाज में मौजूद स्टिग्मा को कम करना भी है। हर साल इसे एक खास थीम के तहत सेलिब्रेट किया जाता है।

उन्होंने बताया की हमारे शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य के बीच गहरा संबंध है। लेकिन अभी भी ज्यादातर लोग इसपर ध्यान नहीं देते। फिजिकल और मेंटल हेल्थ एक ही सिक्के के दो पहलू की तरह हैं। किसी भी एक पहलू को नजरअंदाज करना दूसरे पहलू को नकारात्मक तरीके से प्रभावित करता है। बड़े-बूढ़े से लेकर स्कूल जाने वाले बच्चे भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। तो इस प्रॉब्लम को छिपाने की जगह उस पर ध्यान देने की जरूरत है। वरना आने वाले समय में स्थिति और बिगड़ सकती है। नींद ना आना या देर से नींद आना, चिंता घबराहट या उलझन, आत्महत्या का विचार आना ,बेहोशी के दौरे आना, बेवजह शक से ग्रसित रहना, शराब गाजा भांग का नशा करना, आवश्यकता से अधिक साफ सफाई, उदास या मायूस रहना, किसी कार्य में मन ना लगा, गुस्सा आना, सर दर्द या भारीपन बना रहना, बुद्धि का विकास कम होना, बुढ़ापे में याददाश्त की कमी का होना, भूत प्रेत देवी देवता की छाया का भ्रम होना। इस कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी मनोज कुमार, एनसीडी से रवि शंकर चौरसिया, डॉ शाहबाज, अंकित आनंद, गौरव कुमार गिरी, राघवेंद्र शेखर सिंह, अनिल चौबे, अनिल शर्मा ,वीरेंद्र पांडे, नीरज श्रीवास्तव व अन्य लोग मौजूद रहे।

## समाज को सही रखने के लिए कभी कभी रणछोड़ भी खुद को कहलाना हो तो तैयार रहना चाहिए : साध्वी वैष्णवी भारती

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वाधान में चल रही भव्य कथा के सातवा दिन हुआ साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती जी काल्यवान का प्रसंग सुनाते हुए कहा की यदी समाज को सही रखना है या जरूरत पड़े तो अपने आप को भगोड़ा भी कहला सकते है आशुतोष जी महाराज के संचालन में साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती ने इतना सुंदर तरीके से वासुदेव ब्रह्मज्ञान,बलराम का ब्रज जाना, परीक्षित मुक्ति दशार्या की सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हुए स्वामी विश्वनाथन नंद ने सभी आए अतिथि का स्वागत किया` पूजा दीक्षित काशी क्षेत्र मंत्री महिला मोर्चा एवं बहुत अतिथि का स्वागत हुआ`साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती जी ने आज के प्रसंग की वर्णन करते हुए कहा की जरासंध अपनी हार स्वीकार करने को मान ही नही रहा।काल्यवान का संदर्भ भी बहुत अच्छी तरह से वर्णन हुआ। स्वामी हरिप्रकाश नंदा ने कहा की श्रीमद् भागवत कथा को सुनना एक अलग तरह की अनुभूति होती है जैसे ईश्वर सामने प्रकट हो गए हो । अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के प्रदेश महासचिव संपूर्णा नंद पाण्डेय ने आए सभी श्रोता भाई और बहनों का अभिवादन किया ,संचालन स्वामी अजुर्नानंद जी ने किया।




## संक्षिप्त खबरें

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत केक काटकर मनाया 40 बच्चियों का जन्मदिन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शासन के निदेर्शानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत प्रत्येक माह के प्रथम एवम तृतीय सोमवार को कन्या जन्म उत्सव मनाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है जिसके क्रम में सोमवार सायकाल में कन्या जन्म उत्सव का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिहारी में किया गया जिसमें 40 बच्चियों के जन्म पर केक काटकर हर्षोल्लास के साथ कन्या जन्म उत्सव मनाया गया, कार्यक्रम में बालिकाओं की माताओं को, हिमालया बेबी किट, तोलिया एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया किया, कार्यक्रम में महिला कल्याण अधिकारी नेहा राय द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया, कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी, महिला शक्ति केंद्र से महिला कल्याण अधिकारी, जिला समन्वयक, शिखा सिंह गौतम एवं लक्ष्मी मौर्य बीपीएम और आशा बहने मौजूद रहे।

### भैंस चोरी करते समय ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए दो शातिर चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के निकट पर्यवेक्षक में मंगलवार को उप निरीक्षक दया राम मौर्य द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत धारा 379, 411 आईपीसी से सम्बन्धित अभियुक्तग संदीप यादव पुत्र राधेश्याम यादव निवासी परानपुर थाना मु0बाद जनपद गाजीपुर उम्र करीब 20 वर्ष तथा अमरजीत यादव पुत्र दिनेश यादव निवासी हजिया रामपुर थाना नगरा जिला बलिया उम्र करीब 20 वर्ष को जो ग्राम गणेसर में 01 भैंस चोरी करते समय ग्रामीणो द्वारा पकड कर थाना हाजा लाया गया था थाना कार्यालय से समय करीब 08.40 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### पुलिस द्वारा वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय



प्रखर मांझा गाजीपुर। थाना रामपुर- मांझा के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर गाजीपुर के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना रामपुर- मांझा के थाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 सुरेश कुमार मिश्रा मय हमराही का0 पप्पू कुमार राहुल यादव के साथ दबीस देते हुए। वारंटी वकील यादव पुत्र मूलचंद यादव निवासी ग्राम- छपरा थाना- रामपुर-मांझा जनपद- गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्रवाई हेतू संबंधित न्यायालय में भेजा गया ।

### स्व. मुलायम सिंह यादव जी का पुण्य तिथि मनाया गया




प्रखर रामनगर वाराणसी। निवर्तमान अध्यक्ष जितेंद्र यादव मलिक के आवास पर नेता जी स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी का पुण्य तिथि कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमे प्रमुख रुप से शामिल रहे जितेंद्र यादव मलिक, इंजमामुल खान, विवेक कहार,किशन यादव, डा शौकत अली, आनन्द चौहान, मान सिंह चौहान, लव कुश साहनी, सूरज सोनकर राहुल शर्मा, दिलीप यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

### आदेश का उलंघन करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे : अवधेश पांडेय



प्रखर पूर्वांचल घघसरा/गोरखपुर। आगामी त्यौहार नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, छठ पूजा पर्व को देखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंगलवार चौकी प्रभारी घघसरा एसएसआई अवधेश पाण्डेय ने चौकी क्षेत्र के मुर्तिकार तथा रामलीला कमेटी दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने वालों सदस्यों के साथ साथ डीजे लाउडस्पीकर के संचालकों के साथ आवश्यक बैठक किये। बैठक के दौरान चौकी प्रभारी ने सख्त हिदायत देते हुए कहा रामलीला व प्रतिमा स्थापित करने वाली कमेटी द्वारा राहगीर व आमजन से जबरदस्ती चंदा वसूली की शिकायत नहीं आनी चाहिए, डीजे लाउडस्पीकर तेज आवाज में बजाना प्रतिबंध रहेगा। त्यौंहारों पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। अशांति फैलाते वाले अराजकतत्वों पर पुलिस की पैनी नजर होगी। आदेश का उलंघन करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे।

### जनसूचना मांगने पर फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड के ओदार गांव आंगनवाड़ी कार्यकर्ती के खिलाफ जनसूचना मांगना व्यक्ति को महंगा पड़ा। उसे परिजनों द्वारा जान से मारने और छेड़खानी में फसाने की धमकी दी। कमिश्नर, डीएम व सीपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि गांव के आंगनवाड़ी केंद्रों पर 5 वर्षो से हुई पोषण वितरण की जानकारी जनसूचना के तहत सीडीपीओ कार्यालय से मांगी थी। जब इसकी भनक कार्यकर्ती को हुई तो वह परिजनों को बताई जिसपर शिकायत कर्ता गांव के साहबलाल को परिजनों व बाहरी तत्वों द्वारा जनसूचना पत्र को वापस न लेने पर छेड़खानी में फसाने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। जिसपर अशिकारियो ने स्थानीय पुलिस व विकास खण्ड कार्यालय को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया।

## घटिया सामग्री प्रयोग कर किया जा रहा है सड़क निर्माण

प्रखर पूर्वांचल गोरखपुर। गोरखपुर जनपद के सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र के परफॉर्मेंस ग्रान्ट ग्रामसभा नेवास में इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री प्रयोग में लाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार परफॉर्मेंस ग्रांट ग्राम सभा नेवास में दयाराम प्रसाद के खेत से पिल्लू कोटेदार के खेत तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसकी कुल अनुमानित लागत लगभग 2 लाख है इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा इस कार्य में अनियमितता एवं भारी मात्रा में कच्चे ईट,बालू गिट्टी सहित अन्य सामग्री घटिया किस्म का उपयोग में लाया जा रहा है। उक्त संदर्भ में बात करने पर विकास खण्ड अधिकारी पाली बृजेश यादव ने बताया निर्माण कार्य में अनियमितता की जांच कराई जाएगी कमी पाए जाने पर कार्रवाई होगी।



## स्वामी सहजानंद महाविद्यालय में मनाया गया मानसिक स्वास्थ्य दिवस

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर।स्वामी सहजानंद पीजी कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग में मानसिक स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने हेतु सुझाव दिए गए कार्यक्रम की संयोजिका डॉक्टर कंचन सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह एक ऐसी स्वास्थ्य समस्या है जो जीवन के सभी क्षेत्र के लोगों को प्रभावित करती है तथा दुनिया भर में एक अरब से अधिक लोग किसी न किसी प्रकार की मानसिक बीमारी से पीड़ित हैं । डॉ कंचन सिंह ने कहा कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद भारत ने हाल के वर्षों में मानसिक स्वास्थ्य पर अपने मानसिक स्वास्थ्य बजट का 0.05 प्रतिशत ही खर्च किया है जो काफी कम है जबकि अपने नागरिकों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार है।

## एसोसिएशन ऑफ इंडिया अटैक ऑन करप्शन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में होने वाली सप्ताहिक वर्चुअल मीटिंग मे देश के विभिन्न विभिन्न राज्यों से जुड़े सैकडों संगठन के कार्यकर्ता

प्रखर रामनगर वाराणसी। राष्ट्रीय सूचना अधिकार आजाद मिशन एसोसिएशन ऑफ इंडिया& अटैक ऑन करप्शन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में होने वाली सप्ताहिक वर्चुअल मीटिंग मे देश के विभिन्न विभिन्न राज्यों से जुड़े सैकडों संगठन के कार्यकर्ता व आज के मुख्य अतिथि रहे उत्तराखंड के सूचना आयुक्त श्री विवेक शर्मा संचालन कर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शर्मा जी आयोजक - राष्ट्रीय संयोजक श्री विपिन कुमार त्यागी जी व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अनुज कुमार सागर एडवोकेट (पूर्व जनरल कमिश्नर) स्वागत कर्ता - श्री शिव कुमार सूचना आयुक्त ने संगठन के कार्यकताओं की समस्याएं सुनी व निस्तारण भी किया सूचना आयुक्त विवेक शर्मा ने कहा कि आरटीआई कार्यकताओं को अगर पी आई ओ परेशान करते हैं या सूचना नहीं देते हैं तो आप हमें एक लिखित चिट्ठी देने का कष्ट करें हम उसे पर उचित कार्रवाई करके उन्हें दंडित करेंगे साथ ही साथ आपके द्वारा मांगी गई सूचना आपको जरूर प्राप्त कराई जाएगी सूचना आयुक्त ने ऑनलाइन आरटीआई फाइल करने पर भी जोर देने को कहा क्योंकि समय थोड़ा अब बदल रहा है समय के साथ आप भी बदलिए वर्चुअल बैठक में तकरीबन करीब 150 ब्यक्ति की जुड़े रहे है विनोद गोत्रा (शामली ) रमन अरोड़ा (राजस्थान) बीपी सिंह, चंद्र वेदिका सिंह ( छत्तीसगढ़ ) रीता सूरी (उत्तराखंड) रणधीर प्रसाद (झारखंड) इत्यादि प्रदेशों से अनेक आरटीआई कार्यकर्ता वर्चुअल बैठक में सम्मिलित हुए।



## नि:शुल्क जांच एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

प्रखर गोरखपुर। मुख्य चिकित्साधिकारी गोरखपुर के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चरगांवा (एकला और फुलवरिया के बीच में), जिला गोरखपुर,के प्रांगण में 10 अक्टूबर दिन मगंलवार को प्रातः 10 बजे से शाम 3 बजे तक हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल एवं शोध संस्थान, गीता वाटिका, गोरखपुर द्वारा एक निःशुल्क कैंसर की प्राथमिक जांच एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में कैंसर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. राकेश श्रीवास्तव द्वारा निःशुल्क कैंसर की प्राथमिक जांच एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 152 मरीजों ने आकर कैंसर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. राकेश श्रीवास्तव से कैंसर संबंधित परामर्श लिया, लक्षण की जांच कराई तथा उचित निशुल्क दवा पाकर शिविर का लाभ उठाया। सबसे ज्यादा दिखाने वाले पुरुषो में माउथ, सिर, लंग, पेट, प्रोस्टेट आदि में परेशानी वाले लोग रहे जबकि महिलाओं में ब्रेस्ट की गांठ, गर्भाशय, मुंह, अंडाशय आदि की समस्या वाले लोग आए। कैंसर के प्रकार एवं उनके लक्षण के दुर्दांत रोग कैंसर के विषय में मरीजों एवं उनके परिजनों को प्रशिक्षण तथा इलाज के बारे में जानकारी दी गई। कैंसर जागरूकता अभियान के तहत इस स्वास्थ्य केंद्र से संबंधित स्वास्थ्य कार्यकताओं को बुलाकर कैंसर जागरूकता अभियान के तहत उनको कैंसर लक्षण का प्रशिक्षण तथा इलाज के बारे में जानकारी दी गई कि इन शिविरों के मुख्य उद्देश्य भारत में सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, माउथ कैंसर जो कि सबसे आम कैंसर है, के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इन्हें बताया गया की इन शिविरों की विशिष्टता केवल स्क्रीनिंग नहीं है, बल्कि सामान्य अच्छे स्वास्थ्य चाहने वाले व्यवहार, पोषण, गर्भाशय ग्रीवा और स्तन कैंसर आदि में जागरूकता में सुधार करना तथा महिलाओं को स्तन परीक्षण की स्व-तकनीक सीखने में मदद करना है। पुरुषों को कैंसर से बचाव के लिए धूम्रपान न करने, बीवी, बच्चों आदि के सामने धूम्रपान न करने की सलाह दी गई क्योंकि जिससे यह धूम्रपान न करने वालों को सेकेंड हैंड धुएं से दूर रखेगा। तम्बाकू के सेवन से भी मुंह के कैंसर से कोई ग्रसित हो जाता है। माता-पिता को संतुलित आहार लेने, जंक फूड आदि न करने तथा हरी पत्तेदार सब्जियां खाने को बताए जिससे स्वस्थ जीवन शैली बनी रहे। तम्बाकू और शराब का सेवन न करने की सलाह देते हुए IEC (सूचना शिक्षा संचार) सामग्री जैसे फ्लिपबुक, पोस्टर, लीफलेट/चित्रों के साथ पैम्फलेट आदि का उपयोग करके समुदाय में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें क्योंकि कैंसर में रोकथाम इलाज से बेहतर है'। सभी लोगो को कैंसर से संबंधित पत्रक, विवरण पुस्तिका आदि वितरित किया गया ताकि वे लोगो को कैंसर के बारे मे जागरुक कर सकें। शिविर में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रमोद पाठक, डॉ. आफरीन, अजय श्रीवास्तव, रानी त्रिपाठी, मोहम्मद फारूक, श्रीभगवान यादव, प्रतिमा शर्मा, नारद, अंकित पांडेय, अस्पताल के डॉक्टर एवं कर्मचारियों आदि का कार्य उल्लेखनीय रहा।



## नयी दिशा के स्थापना व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर वृद्धाश्रम में कार्यक्रम का आयोजन

प्रखर कुशीनगर। नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा अपनी स्थापना की 17 वीं वर्षगाँठ एवं मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मंगलवार को कसया नगर स्थित वृद्धाश्रम में संजीवन कार्यक्रम का आयोजन कर परिवार से दूर रह रहे बुजुर्गों को भावनात्मक मजबूती देने का प्रयास किया गया। संस्था द्वारा वृद्धजनों के लिए वृद्धाश्रम को कैरम बोर्ड, लूडो इत्यादि भी भेंट किया गया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुये पौधरोपण किया गया। वृद्धजनों को संबोधित करते पूर्व प्राचार्य डॉ0 अमृतांशु शुक्ल ने कहा कि वृद्धावस्था में व्यक्ति अपने को कमजोर और असहाय समझने लगता है, विशेषकर जब उसके अपने परिजन साथ न हों। लेकिन आप अपने को मानसिक रूप से मजबूत रखें। क्योंकि भले ही आपका मूल परिवार आपके साथ न हो लेकिन सरकार से लेकर समाज तक सब आपके साथ खड़े हैं। नयी दिशा संरक्षक पूर्व प्राचार्य डॉ0 दयाशंकर तिवारी ने कहा कि वृद्धावस्था को अभिशाप न समझें। यह जीवन का एक चरण है जो सौभाग्यशाली मनुष्य के हिस्से में ही आता है। परिस्थितियों वश आप वृद्धाश्रम में हैं लेकिन सकारात्मक सोचे कि आप हम उम्र के बहुत से लोगों के साथ है। नयी दिशा अध्यक्ष व मनोविज्ञान की आचार्य डॉ0 सीमा त्रिपाठी ने कहा कि आप बुजुर्गों से हमारी पहचान है। अपने को कभी भी असहज न समझें हमारी संस्था हर क्षण आपके साथ है। कार्यक्रम का संचालन सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र द्वारा किया गया। वृद्धाश्रम में कार्यक्रम आयोजित करने हेतु प्रबंधक रज्जो राजा ने नयी दिशा को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर डॉ0 गौरव तिवारी, डॉ0 निगम मौर्य, आशुतोष मिश्र, डॉ0 रीना मालवीय, डॉ0 सत्य प्रकाश, विशेषता मिश्रा, कृष्ण कुमार जायसवाल, गरिष्ठ उपाध्याय, प्रकाम्य चतुर्वेदी, अभिषेक श्रीवास्तव, विनीत शुक्ल, विकाश श्रीवास्तव, रमा प्रजापति, सुजीत, अनिल पांडेय, रुचि इत्यादि सहित बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के मनोविज्ञान विषय के अधिकांश विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### सैकड़ो की जनसंख्या में ग्रामीणों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय नारे के साथ बाइक रैली निकाली

प्रखर राजातालाब वाराणसी। जिले के आराजी लाइन ब्लाक अंतर्गत मंगलवार को काशीपुर न्याय पंचायत से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान भारत की आजादी के 75 वर्ष एवं संस्कृति एवं उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास के लिए एक राष्ट्रव्यापी और लोगों के नेतृत्व आदि के पहल के रूप में मनाया जा रहा है।

आराजी लाइन ब्लाक के संयुक्त ग्राम पंचायत के प्रधानों ने मंगलवार को मेरी माटी-मेरा देश अभियान का शुभारंभ किया। और सैकड़ो की जनसंख्या में ग्रामीणों ने हाथों में तिरंगा लिए ढोल नगाड़े और डीजे के साथ भारत माता की जय के नारे लगाते हुए बाइक रैली निकाली। भाजपा नेता व निदिऊरा ग्राम प्रधान अजय दुबे ने कहा कि गांव-गांव से एकत्रित की गई मिट्टी को लाने के लिए अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ है। मेरी माटी-मेरा देश अभियान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए पंच प्रण के महान भारत की रचना का राजमार्ग है। प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी की मानसिकता को दूर करना, अपनी जड़ों-परंपराओं पर गर्व करना, एकता और अखंडता के लिए जीवन समर्पित करने का प्रण, नागरिकों में कर्तव्य की भावना को जागरूक करने के संकल्प लेने का आह्वान किया था। यह अभियान पंचप्रण की भावना को पूरा करने वाला है। काशीपुर ग्राम प्रधान विजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले 75 साल तक हमने कई सिद्धियां प्राप्त की हैं। हम चंद्रमा पर भी पहुंच गए और अब सूर्य की कक्षा में भी पहुंच जाएंगे, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। एक लंबी गुलामी के कालखंड और हजारों सेनानियों के बलिदान से स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 75 साल का पुरुषार्थ और विगत 10 साल के अंदर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के जन-जन को महान भारत की रचना से जोड़ने का पुरुषार्थ तभी सफल होगा, जब महान भारत की रचना होगी। शाह ने कहा कि महान भारत की रचना में हर परिवार, हर व्यक्ति, हर बच्चा अपने आप को व अपनी भावनाओं को जोड़ पाए, इस तरह के मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम की कल्पना प्रधानमंत्री मोदी जैसा व्यक्ति ही कर सकता है, जिसके मन में राष्ट्रभक्ति का अकूत भंडार हो। इस बाबत देउरा ग्राम प्रधान सीमा देवी ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम की टैगलाइन मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन अपने आप में बहुत कुछ कह देती है। जब व्यक्ति भारत माता की जय बोलता है तब वह अपनी माटी की जय का उद्घोष करता है। इसी जय के लिए लाखों लोगों ने अपने जीवन का सर्वस्व न्योछावर कर दिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से काशीपुर ग्राम प्रधान विजय कुमार श्रीवास्तव, निदिऊरा ग्राम प्रधान अजय दुबे, देऊरा ग्राम प्रधान सीमा देवी, देऊरा प्रधान प्रतिनिधि अमरनाथ राठौर, रामपुर ग्राम प्रधान प्रदीप पाल उर्फ पप्पू, बूढ़ापुर ग्राम प्रधान संजय यादव, गौरा ग्राम प्रधान ममता सिंह, गौरा प्रधान प्रतिनिधि शारदा प्रसाद सिंह उर्फ गुड्डू के अलावा आदि ग्रामीणों के ग्राम प्रधान मौजूद रहे।





# बिहार में आए इस वर्ष 70 हजार प्रवासी पक्षी

**पिछले साल की गणना की तुलना में 24,600 अधिक है**

**पटना (भाषा)।** बिहार की आर्द्रभूमि में इस वर्ष संकटग्रस्त और इस स्थिति के निकट पहुंच चुके पक्षियों सहित करीब 70,000 पक्षियों के आने की सूचना है जो पिछले साल की गणना की तुलना में 24,600 अधिक है। जलीय पक्षियों की गणना से यह जानकारी मिली।

बॉम्बे नैचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (बीएनएचएस) के सहयोग से बिहार सरकार ने इस साल 30 जनवरी से 12 फरवरी तक एशियाई जलीय पक्षी गणना (एडब्ल्यूसी) की थी। लगभग 200 लोगों की कुल 16 टीम ने 26 जिलों में जा कर 76 आर्द्रभूमि में सर्वेक्षण किया। कुल 203 प्रजातियों के 69,935 पक्षियों की गिनती की गई। अधिक पक्षियों की सूचना इसलिए भी है क्योंकि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक आर्द्रभूमि को इसमें शामिल किया गया है। रविवार को राज्य के पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप यादव द्वारा जारी की गई गणना में कहा गया है 'एडब्ल्यूसी 2022 के दौरान 68 आर्द्रभूमियों से 61 'बर्ड फैमिली' से संबंधित 202 प्रजातियों के कुल 45,173 पक्षियों को दर्ज किया गया। 81 प्रजातियों में से 39,937 पक्षी जलीय पक्षी थे, 23 प्रजातियों के 569 पक्षी आर्द्रभूमि पर निर्भर पक्षी थे और 101 प्रजातियों के 5,630 पक्षी भूमि पर वास करने वाले पक्षी हैं।'



# समुद्र तल से 18,000 फीट ऊपर रणवीर बरार ने बनाया चिकन

**मुंबई (आईएएनएस)।** फूड रियलिटी शो 'स्टार वर्सेज फूड सर्वाइवल' को होस्ट करने जा रहे सेलिब्रिटी शेफ रणवीर बरार ने समुद्र तल से लगभग 18,000 फीट की ऊंचाई पर 'जुबली' फेम एक्टर अपारशक्ति खुराना के लिए चिकन पकाया। उन्होंने साझा किया कि चिकन के प्रति अपने प्यार को लेकर अभिनेता की प्रतिक्रिया बिल्कुल वैसी



ही थी, जैसी एक सच्चे पंजाबी की होती है। 'स्टार वर्सेज फूड सर्वाइवल' में सरवाइव करने के लिए सितारों को खुद अपने खाने का इंतजाम करना होता है। शो के साथ बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी, संजय दत्त, अपारशक्ति खुराना, मौनी रॉय और नकुल मेहता जुड़े हुए हैं। अपने एक्सपीरियंस के बारे में बात करते हुए रणवीर ने कहा, शो की शूटिंग करना एक मजेदार एक्सपीरियंस है। यह खाना पकाने, बातचीत और कठिन इलाके के साथ-साथ हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का एक दिलचस्प मिश्रण है। दिन शारीरिक रूप से थका देने वाले था। शो का फॉर्मेट काफी उत्साह बढ़ाने वाला है। नकुल और मेरे बीच की बातचीत वास्तव में मेरे लिए सबसे खास है। उन्होंने कहा, सेट पर ऑन द स्पॉट कविता होती थी। सबसे यादगार किस्सा अपारशक्ति की प्रतिक्रिया है जब उन्होंने समुद्र तल से लगभग 18,000 फीट की ऊंचाई पर चिकन खाया था।

# झारखंड के प्रसिद्ध झरने पर्यटकों से गुलजार

**रांची (भाषा)।** झारखंड के प्रसिद्ध झरने हुंडरू, जोन्हा, लोध, दसम, सीता, पंचघाघ और हिरनी त्यौहार के सीजन से पहले ही पर्यटकों से गुलजार हैं। पर्यटन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि अपनी प्राकृतिक खूबसूरती और ऊंचाई से गिरते पानी की वजह से ये झरने पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं और यहां राज्य के विभिन्न हिस्सों से ही नहीं बल्कि देश के अलग-अलग राज्यों, विशेषतौर पर पश्चिम बंगाल से पर्यटक घूमने आते हैं। जोन्हा झरना पहुंचे कोलकाता के एक पर्यटक तारक नाथ साहू ने बताया, 'मैंने अपनी जिंदगी में इससे खूबसूरत जगह नहीं देखी। इस जगह की प्राकृतिक खूबसूरती, पहाड़ियां और 150 फुट की ऊंचाई से भारी मात्रा में गिरता पानी अद्भुत नजारा पेश करते हैं। अगर यहां रुकने की व्यवस्था होती तो यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्थानों में से एक होता।'



रांची से करीब 40 किलोमीटर दूर स्थित जोन्हा झरना अपनी प्राकृतिक खूबसूरती की वजह से पर्यटकों को हमेशा लुभाता है। यहां आने वाले पर्यटक लगभग 700 सीढ़ियों से नीचे उतरकर इस मनमोहक झरने का आनंद लेते हैं। सिर्फ जोन्हा ही नहीं बल्कि रांची में और उसके आस-पास मौजूद अन्य झरनों पर भी पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है। झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति (जेपीएसएस) के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार के अलग-अलग हिस्सों से रोजाना औसतन 10 हजार पर्यटक हुंडरू, जोन्हा, लोध, दसम, सीता, पंचघाघ और हिरनी झरने देखने आते हैं। झारखंड पर्यटन विकास निगम (जेटीडीसी) की शाखा जेपीएसएस झारखंड के बड़े झरनों के प्रबंध और उनके रखरखाव का जिम्मा संभालती है। प्रसाद ने बताया कि इन झरनों की देखभाल में जेपीएसएस के लिए करीब 110 'पर्यटक मित्र' काम कर रहे हैं।

**पर्यटक लगभग 700 सीढ़ियों से नीचे उतरकर इस मनमोहक झरने का आनंद लेते हैं। सिर्फ जोन्हा ही नहीं बल्कि रांची में और उसके आस-पास मौजूद अन्य झरनों पर भी पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है।**



# मेरा पिया घर आया का रीक्रिएटेड वर्जन रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** फिल्म याराना के सुपरहिट गाने मेरा पिया घर आया का रीक्रिएटेड वर्जन रिलीज कर दिया गया है। फिल्म याराना में मेरा पिया घर आया माधुरी दीक्षित पर फिल्माया गया था।अब यह वर्जन सनी लियोनी पर फिल्माया गया है। सनी लियोनी ने इस गाने के जरिये माधुरी दीक्षित को ट्रिब्यूट दिया है।इस गाने को नीति मोहन ने गाया है और एंबी, माया गोविंद ने लिखा है। कोरियोग्राफर विजय गांगुली ने इस डांस नंबर को दोबारा बनाया। इस गाने को मूल रूप से सरोज खान ने कोरियोग्राफ किया था।इस ट्रैक को मूल रूप से कविता कृष्णमूर्ति ने गाया था और संगीत अनु मलिक ने दिया था।सनी लियोनी इस गाने में जमकर डांस करते हुए नजर आ रही हैं।

# जियो मामी करेगा मुंबई फिल्म फेस्टिवल का आयोजन

**70 से ज्यादा भाषाओं में 250 फिल्में होंगी प्रदर्शित**




**मुंबई (आईएएनएस)।** सिने लवर्स के मनोरंजन के लिए जियो मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल लेकर आ रहा है। 27 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक चलने वाले फेस्टिवल में 250 फिल्में दिखाई जाएंगी। फरहान अख्तर, राणा दग्गुबाती, सिद्धार्थ रॉय कपूर, विक्रमादित्य मोटवानी, जोया अख्तर, रोहन सिप्पी, अजय बिजली और अनुपमा चोपड़ा ने लाइन-अप का अनावरण किया, जिसमें 40 से ज्यादा वर्ल्ड प्रीमियर, 45 एशिया प्रीमियर और 70 से ज्यादा साउथ एशिया प्रीमियर शामिल हैं। इस बार फेस्टिवल को साउथ एशिया प्रोग्राम के लिए 1000 से ज्यादा सबमिशन प्राप्त हुए। यह फेस्टिवल साउथ एशिया की कंटेम्परेरी फिल्मों और नई सिनेमाई आवाजो को उजागर करने का वादा करता है। इस साल फेस्टिवल में सबकी नजर साउथ एशिया कॉम्पिटिशन पर होगी। इस कॉम्पिटिशन सेक्शन का लक्ष्य कंटेम्परेरी साउथ एशियाई फिल्मों को प्रदर्शित करना है, जिसमें भारत, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के नवोदित और सेकंड टाइम के फिल्म मेकर्स के साथ-साथ यूके और जर्मनी के डायस्पोरा फिल्म मेकर्स की 14 फिल्में शामिल होंगी।



साउथ एशियाई फिल्में भी नॉन-कॉम्पिटिशन सेक्शन का हिस्सा हैं, जिसमें 46 फिल्में (22 फीचर और 24 नॉन-फीचर) हैं। इसमें म्यांमार, बांग्लादेश और नेपाल के कार्यों के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, अमेरिका, यूके, पोलैंड और स्पेन के डायस्पोरा पर्सपेक्टिव भी शामिल हैं। जियो मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल की कलात्मक निदेशक दीप्ति डीकुन्हा ने कहा. हमें गर्व है कि हम एक फेस्टिवल के रूप में अपने विजन का विस्तार करने के पहले साल के भीतर साउथ एशिया सेक्शन में इस तरह के विविध क्यूरेशन को हासिल करने में कामयाब रहे हैं, जो दक्षिण एशिया और दक्षिण एशियाई डायस्पोरा से नई सिनेमाई आवाजों के लिए इकोसिस्टम के निर्माण पर केंद्रित है।

# दिसम्बर में रिलीज होगी 'ऑपरेशन वैलेंटाइन'

**मुंबई (भाषा)। अभिनेता वरुण तेज, मानुषी छिल्लर अभिनीत फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' आठ दिसम्बर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 'सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस' ने यह घोषणा की।सच्ची घटनाओं से प्रेरित आगामी फिल्म एक एक्शन थ्रिलर होगी, जो तेलुगू और हिंदी भाषा में रिलीज होगी। इस फिल्म के साथ विज्ञापन फिल्म निर्माता और चलचित्रकार शक्ति प्रताप सिंह हाड़ा फिल्म निर्देशन में कदम रख रहे हैं।**



# ग्रेट बैरियर रीफ पर बढ़ रहा दबाव

**लिस्मोर (ऑस्ट्रेलिया) (द कन्वरसेशन)।** ग्रेट बैरियर रीफ ऑस्ट्रेलिया की सबसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय और आर्थिक संपत्तियों में से एक है। ग्रेट बैरियर रीफ फाउंडेशन के अनुसार, यह प्रति वर्ष अनुमानतः 56 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का योगदान देता है और लगभग 64,000 पूर्णकालिक नौकरियों का समर्थन करता है। हालाँकि, रीफ पर दबाव बढ़ रहा है। जबकि अधिकांश जनता का ध्यान ग्रेट बैरियर रीफ पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और इसकी लुप्तप्राय स्थिति के आसपास की बहस पर केंद्रित है, पानी की गुणवत्ता भी रीफ के स्वास्थ्य और अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है। एन्वायरनमेंटल साइंस एंड टेक्नोलॉजी जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन में पाया गया कि पहले से अप्रमाणित भूजल प्रवाह रीफ के लिए नए पोषक तत्वों का सबसे बड़ा स्रोत हैं।



## पोषक तत्वों का एक नया स्रोत मिला

**शोध टीम ने पोषक तत्वों के इस लापता स्रोत का पता लगाने का प्रयास करने का निर्णय लिया। प्राकृतिक भूजल ट्रेसर रेडियम का उपयोग यह ट्रैक करने के लिए किया कि अदृश्य भूजल प्रवाह के माध्यम से भूमि और शेल्फ तलछट से कितना पोषक तत्व पहुंचाया जाता है। पाया गया कि भूजल निर्वहन नदी के प्रवाह से 10-15 गुना अधिक था। कृषि के लिए पोषक तत्वों से भरपूर भूजल के पुनः उपयोग का भी पता लगाने की आवश्यकता है क्योंकि यह एक अप्रयुक्त और सस्ता पोषक स्रोत है।**

## बहुत अधिक अच्छी बात

**यद्यपि नाइट्रोजन और फॉस्फोरस रीफ की अविश्वसनीय जैव विविधता का समर्थन करने के लिए आवश्यक हैं, बहुत अधिक पोषक तत्व कोरल की जैव विविधता और फैलाव के नुकसान का कारण बन सकते हैं। यह शैवाल की प्रचुरता और प्रवाल लार्वा की वयस्क प्रवाल में विकसित होने की क्षमता को भी बढ़ाता है, और समुद्री घास के फैलाव और स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है, जो मत्स्य पालन और जैव विविधता के लिए महत्वपूर्ण है।**



# शाहरुख को मिली वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा

**यह सुरक्षा मुफ्त नहीं है और शाहरुख को इसके बदले में भुगतान करना होगा**

**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के जीवन पर मंडराते 'संभावित खतरों' के मद्देनजर उन्हें वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वाई प्लस श्रेणी के सुरक्षा ढांचे में छह कमांडो समेत 11 सुरक्षाकर्मी और एक पुलिस एस्कॉर्ट वाहन शामिल होता है। अधिकारी के मुताबिक, शाहरुख (57) को उनकी हालिया फिल्म 'जवान' की रिलीज के बाद से धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि यह सुरक्षा मुफ्त नहीं है और शाहरुख को इसके बदले में भुगतान करना होगा।

अधिकारी के अनुसार, पिछले हफ्ते एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक में शाहरुख की सुरक्षा की समीक्षा किए जाने के बाद इसे बढ़ाने का फैसला लिया गया। उन्होंने बताया कि राज्य खुफिया विभाग ने तदनुसार सभी पुलिस आयुक्तालयों, पुलिस अधीक्षकों के कार्यालयों और विशेष सुरक्षा इकाई को इसके बारे में सूचित किया है।पिछले साल शाहरुख की फिल्म 'पठान' के गाने 'बेशरम रंग...' को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। अयोध्या के एक साधु ने अभिनेता को धमकी दी थी।

## संक्षिप्त खबरें

### हिस्सेदारी बेचेगी आईनॉक्स

नई दिल्ली। आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज नानी विरानी विंड एनर्जी में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी। नानी विरानी गुजरात में 50 मेगावाट का परिचालन वाला पवन फार्म है। आईजीईएसएल की मूल कंपनी आईनॉक्स विंड लिमिटेड ने कहा, 'आईनॉक्स ग्रीन ने नानी विरानी विंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड एसपीवी में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के विनिवेश के लिए एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं।' आईनॉक्स विंड सीईओ कैलाश ताराचंदानी ने कहा, 'इसका आईनॉक्स विंड और आईजीईएसएल दोनों पर महत्वपूर्ण लाभकारी प्रभाव पड़ा है।

### आईपीओ लाएगी क्रिस्टल

नई दिल्ली। क्रिस्टल इंटिग्रेटेड सर्विसेज ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। पिछले सप्ताह सेबी में दाखिल दस्तावेजों (डीआरएचपी) के अनुसार, आईपीओ में 175 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और प्रवर्तक क्रिस्टल फैमिली होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 17.5 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी। क्रिस्टल फैमिली होल्डिंग्स की कंपनी में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### अमेजन फेस्टिवल शुरू

नई दिल्ली। अमेजन इंडिया ने अपने ग्राहकों के लिए 'अमेजन एक्सपीरियंस एरेना' के साथ अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 23 की शुरुआत की घोषणा की है। ग्राहक स्मार्टफोन, फैशन एंड ब्यूटी, लार्ज अप्लायंसेस एवं टीवी, कंज्यूमर इलेक्ट्रानिक्स और किराना सहित विभिन्न श्रेणियों में 5,000 से अधिक नए लांच के साथ रोमांचक ऑफर्स का आनंद ले सकेंगे। एसबीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड तथा ईएमआई लेनदेन पर 10% का इंस्टेंट डिस्काउंट, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड पर नो-कॉस्ट ईएमआई, अन्य प्रमुख क्रेडिट/डेबिट कार्ड से रोमांचक ऑफर का लाभ मिलेगा।

### शक्ति पंप्स को बड़ा ठेका

नई दिल्ली। शक्ति पंप्स को प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना के तहत 149.71 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, यह सरकारी योजना के प्रावधान 'सी' के तहत पहला ठेका है। वॉटर पंप कंपनी ने बयान में कहा, 'शक्ति पंप्स पीएम-कुसुम योजना के प्रावधान 'सी' के तहत अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड से 149.71 करोड़ रुपये का वाणिज्यिक ठेका मिलने की घोषणा करती है।' शक्ति पंप्स के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने कहा, 'इसने अन्नदाता को ऊर्जादाता में बदल दिया है।(एजेंसी)

# सितम्बर में सालाना आधार पर भर्तियों की संख्या में कमी

■ आलोच्य माह में दर्ज की गई आठ फीसद तक की गिरावट ■ आईटी और बीपीओ सेक्टर में घटी है नौकरियों की संख्या

**मुंबई (भाषा)।**

आईटी, बीपीओ, आईटीईएस और एफएमसीजी क्षेत्रों में नकारात्मक रुझान के बीच सितम्बर में दफ्तर में काम करने वालों की भर्तियों में सालाना आधार पर 8.6 प्रतिशत गिरावट आई है।

सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। हालांकि, मासिक आधार पर भर्तियों में करीब छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है। नौकरी डॉट कॉम के मासिक 'नौकरी जॉबसीक इंडेक्स' के अनुसार, सितम्बर में दफ्तर में काम के लिए 2,835 भर्तियां की गई, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 8.6 प्रतिशत कम है। पिछले साल समान अवधि में 3,103 लोगों की भर्ती की गई थी।




नौकरी जॉबस्पीक एक मासिक सूचकांक है जो भारतीय नौकरी बाजार की स्थिति और नौकरी डॉट कॉम के 'बायोडाटा डेटाबेस' पर कंपनियों द्वारा सूचीबद्ध की गई नई नौकरियों तथा नौकरी से संबंधित खोजों के आधार पर भर्ती गतिविधियों को दर्शाता है। सर्वेक्षण के अनुसार, आईटी क्षेत्र को वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है और पिछले कुछ महीनों में नियुक्तियों की संख्या में कमी देखी गई है। साथ ही बीपीओ/आईटीईएस और एफएमसीजी ने भी इस अवधि में क्रमशः 25 प्रतिशत और 23 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि दर्ज की। नौकरी डॉट कॉम के मुख्य कारोबार अधिकारी पवन गोयल ने कहा, 'हालांकि, आईटी क्षेत्र पर प्रभाव जारी है, बैंकिंग क्षेत्र में मजबूत वृद्धि अच्छी खबर है।

■ बैंकिंग सेक्टर के जॉब इंडेक्स में दर्ज हुई बढ़त
■ आतिथ्य एवं यात्रा उद्योग की भर्तियों में इजाफा
■ जॉब सृजन में महानगरों से आगे रहे हैं छोटे शहर

समग्र सूचकांक का क्रमिक रूप से छह प्रतिशत बढना क्षेत्रीय विविधता पर आधारित भारतीय नौकरी बाजार के जुझारूपन को रेखांकित करता है।' रिपोर्ट में कहा गया कि आतिथ्य और यात्रा उद्योग में अधिकतम वृद्धि देखी गई, क्योंकि परिवारों और अकेले सफर करने वालों ने मानसून के मौसम में काफी यात्राएं कीं।

रिपोर्ट में पाया गया कि छोटे शहर सितम्बर, 2023 में रोजगार सृजन के मामले में महानगरों से आगे रहे। वडोदरा, अहमदाबाद और जयपुर शहरों में सितम्बर में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में भर्तियों में क्रमशः चार प्रतिशत, तीन प्रतिशत और दो प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

## राजस्थान को 2.64 रुपये यूनिट की दर पर बिजली देगी एनएलसी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

एनएलसी इंडिया राजस्थान को 2.64 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली की आपूर्ति के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरी है। एनएलसीआईएल कोयला मंत्रालय के तहत आने वाली नवरत्न कंपनी है।

एनएलसी ने कहा, 'कंपनी कुल 810 मेगावाट क्षमता के लिए 2.64 रुपये प्रति यूनिट की दर के साथ सफल बोलीदाता रही है।' राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम ने इसका आशय पत्र जारी किया है। कंपनी ने बीकानेर में 2,000 मेगावाट के पुगल सोलर पार्क में स्थापित होने वाली 810 मेगावाट की ग्रिड से जुड़ी सौर परियोजनाओं से बिजली खरीद के लिए जारी निविदा में भाग लिया था।

# प.एशिया में तनाव से शेयर बाजार सहमे

■ सेंसेक्स 483 अंक टूटा, निफ्टी 141 अंक फिसला

**मुंबई (भाषा)।**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच निवेशकों ने सोमवार को वित्तीय एवं ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में खासी बिकवाली की जिससे घरेलू मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी लगभग एक प्रतिशत तक गिर गए।

विश्लेषकों ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच छिड़े संघर्ष से अनिश्चितता की स्थिति पैदा हुई है जिससे निवेशक बड़ा जोखिम लेने से बच रहे हैं। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 483.24 अंक यानी 0.73 प्रतिशत गिरकर 65,512.39 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 141.15 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,512.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से सिर्फ तीन के शेयर ही बढ़त के साथ बंद हुए। इसी तरह निफ्टी के 50 में से 43 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

सेंसेक्स की कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा में सर्वाधिक 2.05 प्रतिशत की गिरावट रही। इसके बाद बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, एसबीआई, एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन के शेयरों में भी प्रमुख रूप से गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टीसीएस ने चौतरफा गिरावट के इस रुझान के उलट क्रमशः 1.02 प्रतिशत एवं 0.47 प्रतिशत की बढ़त हासिल की। रोजमर्रा के उत्पाद वाली कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर में भी 0.32 प्रतिशत की तेजी रही।

इस सप्ताह के अंत में घोषित होने वाले वृहद-आर्थिक आंकड़ों से पहले निवेशकों ने सावधानी बरती। अगस्त के लिए औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण संबंधी आंकड़ों की घोषणा 12 अक्टूबर को की जाएगी जबकि 13 अक्टूबर को सितम्बर महीने के लिए थोक मुद्रास्फीति की घोषणा की जाएगी। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त पर रहा जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा। जापान के निक्की में आज अवकाश था। यूरोपीय बाजारों में मिला-जुला रुख देखा जा रहा था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुए थे।

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चा तेल 3.32 प्रतिशत के बड़े उछाल के साथ 87.39 डालर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### इस्राइल के हाइफा पोर्ट पर अडाणी समूह के कर्मचारी सुरक्षित

**नई दिल्ली (भाषा)।** अडाणी समूह की कंपनी अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड ने सोमवार को कहा कि इस्राइल में स्थित हाइफा बंदरगाह पर तैनात उसके कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए गए हैं और सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं।

गाजा पट्टी इलाके पर नियंत्रण रखने वाले समूह हमास ने इस्राइल के दक्षिणी इलाकों पर शनिवार को जमीनी एवं हवाई हमले कर दिए। इसके बाद से ही समूचे इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। अडाणी पोर्ट्स ने बयान में कहा कि वह हाइफा बंदरगाह को लेकर पूरी तरह सतर्क है और किसी भी विपरीत स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए उसने कारोबार को निरंतर जारी रखने की योजना तैयार कर ली है। कंपनी ने साल की शुरुआत में इस रणनीतिक महत्व वाले बंदरगाह का 1.2 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया था।

## आईओसी के नए चेयरमैन की नियुक्ति के लिए समिति बनी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

सरकार ने इंडियन आयल कारपोरेशन (आईओसी) के नए चेयरमैन की खोज के लिए तीन सदस्यीय खोज-सह-चयन समिति गठित की है। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया कि समिति की अध्यक्षता सार्वजनिक उपक्रम चयन बोर्ड (पीईएसबी) के चेयरमैन करेंगे और इसमें सदस्य के रूप में पेट्रोलियम सचिव शामिल होंगे।

एचपीसीएल के पूर्व चेयरमैन एमके सुराना समिति के तीसरे सदस्य हैं। आईओसी के नए चेयरमैन को चुनने के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की गई है। सरकार ने आईओसी के मौजूदा चेयरमैन श्रीकांत माधव वैद्य को अगस्त में सेवानिवृत्ति के बाद एक साल का विस्तार दिया था, जो सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी (पीएसयू) के निदेशक मंडल के लिए एक विरला मामला है। एक जुलाई, 2020 को आईओसी के चेयरमैन का पदभार ग्रहण करने वाले वैद्य अगस्त के अंत में 60 वर्ष की आयु होने पर सेवानिवृत्त हो रहे थे। लेकिन उन्हें सेवानिवृत्ति के समय के अगले दिन एक सितम्बर, 2023 से 31 अगस्त, 2024 तक या अगला चेयरमैन चुने जाने तक के लिए दुबारा नियुक्त कर दिया गया।

# वाहनों की मांग में उछाल

■ सितम्बर में 20 फीसद बढ़ी बिक्री ■ इस दौरान 18.82 लाख पंजीकरण

**नई दिल्ली (भाषा)।**

त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ देश में वाहनों की बिक्री में जोरदार उछाल आया है। सितम्बर में देशभर में वाहन बिक्री में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने सोमवार को बताया कि कुल मिलाकर सितम्बर में वाहनों के पंजीकरण का आंकड़ा 18,82,071 इकाई पर पहुंच गया। सितम्बर, 2022 में यह 15,63,735 इकाई रहा था।

फाडा के अध्यक्ष मनीष राज ने कहा कि आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सितम्बर में वाहन बिक्री में बढ़ोतरी व्यापक रही है। दोपहिया वाहनों की बिक्री में जहां 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, वहीं तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में 49 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यात्री वाहनों की बिक्री में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में पांच प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने ट्रैक्टर बिक्री में जरूर 10 प्रतिशत की गिरावट आई है। आंकड़ों के अनुसार, उपलब्धता में सुधार के साथ पिछले महीने वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर 19 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 3,32,248 इकाई हो गया, जबकि सितम्बर, 2022 में यह 2,79,137 इकाई था। मनीष ने कहा कि नए उत्पादों की पेशकश की वजह से भी पिछले महीने वाहनों का उठाव बढ़ा है।

मनीष ने कहा कि श्राद्ध 14 अक्टूबर को समाप्त हो रहे हैं। उसके बाद नवरात्र शुरू होंगे। कुल 42 दिन के त्योहारी अवधि में हम बिक्री को लेकर आशान्वित हैं। हमें उम्मीद है कि यह त्योहारी सीजन वाहन खुदरा क्षेत्र के लिए शानदार रहेगा। फाडा ने पिछले महीने देशभर के 1,440 क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में से 1,352 से वाहनों के पंजीकरण के आंकड़े जुटाए हैं।

**49** फीसद की बढ़ोतरी थ्री व्हीलर की बिक्री में रही

**19** फीसद तक बढ़ गई यात्री वाहनों की बिक्री

**22** फीसद की बढ़त दुपहिया वाहनों की बिक्री में रही

**05** फीसद बढ़ी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री

■ त्योहारी सीजन के चलते बिक्री में हुई है बढ़ोतरी
■ श्राद्ध सत्र खत्म होने के बाद और बढ़ेगी बिक्री
■ कंपनियों को उम्मीद 42 दिन के फेस्टिव सीजन में होगी बंपर बिक्री



# शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य अधिक दीर्घकालिक : पुरी

■ इस लक्ष्य को पहले भी पा सकता है भारत ■ इसलिए 2070 की समयसीमा है कुछ ज्यादा

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का 2070 का लक्ष्य 'कुछ अधिक दीर्घकालिक' है। उन्होंने संकेत दिया है कि देश इस लक्ष्य को समय से पहले हासिल कर सकता है।

शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य के तहत भारत को 2070 तक शत प्रतिशत अक्षय ऊर्जा की ओर स्थानांतरित होना है। पुरी ने सोमवार को यहां 26वीं ऊर्जा प्रौद्योगिकी बैठक को संबोधित करते हुए कहा, '2070 तक हमारा शुद्ध शून्य लक्ष्य थोड़ा अधिक लंबा है।' उन्होंने कहा कि भारत तेजी से ऊर्जा बदलाव की दिशा में आगे बढ़ रहा है। गेल, भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और अन्य ने



ऊर्जा बदलाव के लिए 2035 से 2040 का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि भारत में ऊर्जा बदलाव पहले जीवाश्म आधारित से स्वच्छ ईंधन और फिर नवीकरणीय ऊर्जा की ओर होगा।

इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष पर उन्होंने कहा कि इस तरह के संकट ऊर्जा को जैव ईंधन, नवीकरणीय ऊर्जा आदि की ओर तेजी से ले जाते हैं। इजराइल पर शनिवार को हमास के उग्रवादियों ने हमला किया था और तब से दोनों पक्षों में संघर्ष छिड़ा हुआ है जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो चुकी है। पुरी ने पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन ओपेक द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि अगले दो दशक में दुनिया में ऊर्जा की मांग का 25 प्रतिशत भारत से आएगा।

# विलासिता वाली वस्तुओं पर क्षतिपूर्ति उपकर पर होगी चर्चा

■ महामारी के दौरान राज्यों के राजस्व की क्षतिपूर्ति के लिए हासिल किए गए कर्ज की अदायगी को लगा था यह उपकर

**नई दिल्ली (भाषा)।**

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद मार्च, 2026 के बाद विलासिता वाली कई वस्तुओं पर क्षतिपूर्ति उपकर लगाकर जमा किए गए राजस्व के बंटवारे पर चर्चा करेगी।

एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कोविड महामारी के दौरान राज्यों को हुए राजस्व हानि की भरपाई के लिए केंद्र ने जो कर्ज लिया था, उसे चुकाने की समयसीमा मार्च 2026 है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को लागू करने के बाद राज्यों के राजस्व में कमी को पूरा करने के लिए शुरू में पांच वर्षों के लिए क्षतिपूर्ति उपकर लाया गया था।

क्षतिपूर्ति उपकर जून 2022 में समाप्त हो गया, लेकिन इसके जरिए जमा की गई राशि का इस्तेमाल 2.69 लाख करोड़ रुपये के मूलधन और ब्याज को चुकाने के लिए किया जा रहा है, जो केंद्र ने कोविड के दौरान कर्ज लिया था। जीएसटी परिषद को अब इसके नाम और राज्यों के बाीचा




इसके वितरण के तौर-तरीकों के संबंध में 'जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर' के मुद्दे पर निर्णय लेना है।

जीएसटी परिषद की सात अक्टूबर को हुई 52वीं बैठक में कुछ राज्यों ने यह मुद्दा उठाया था। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने कहा कि जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर खाते के तहत जुटाए गए कर का मुद्दा कर्नाटक ने उठाया। उन्होंने कहा, 'मार्च 2026 के बाद उपकर राशि का क्या होगा? जब कोई मुआवजा नहीं है, तो आप उपकर राशि का क्या करेंगे? क्या उपकर होगा या किसी दूसरे नाम से उपकर होगा। क्या यह किसी दूसरे मकसद के लिए होगा? आप इसका बंटवारा कैसे करेंगे।, क्या इसका आधार 2015-16 वित्त वर्ष होगा या कोई नई तारीख होगी? इस पर परिषद की सर्वसम्मति यह थी कि यदि आप इसके बारे में बात करने जा रहे हैं, तो हमें एक नए वित्त वर्ष (आधार वर्ष) के बारे में बात करनी चाहिए।'

## 'बीमा कंपनियां निर्देशों का कर रही हैं घोर उल्लंघन'

**नई दिल्ली (भाषा)।**

स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के संगठन एएचपीआई ने बीमा कंपनियों पर मरीजों की तरफ से किए गए दावों को 'गलत ढंग से' खारिज करने और बीमा नियामक के दिशानिर्देशों की अवहेलना करने का आरोप लगाया है।

अस्पतालों एवं अन्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के समूह एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) ने बयान में कहा है कि बीमा कंपनियां भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) की तरफ से जारी दिशानिर्देशों का पालन नहीं कर रही हैं। उसने निजी बीमा कंपनियों पर 'गुटबंदी' करने का आरोप भी लगाया है।

# हरित पहल के लिए कर्ज लेने पर विशेष छूट देगा एसबीआई

**मुंबई (भाषा)।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) कर्ज लेने वालों के लिए जोखिम स्तर के आकलन पर काम कर रहा है, जहां वह हरित पहल के लिए विशेष छूट देता है। बैंक के चेयरमैन दिनेश खारा ने सोमवार को यहां यह बात कही। उन्होंने कहा कि बैंक जलवायु जोखिमों को कम करने और टिकाऊ वित्तपोषण के लिए अपने 33 लाख करोड़ रुपये के पोर्टफोलियो के कार्बन पदचिह्न को माप रहा है।

चेयरमैन ने यहां उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा, 'बैंक स्तर पर हमने अपने कर्जदारों के जोखिम के उस स्तर पर काम करना शुरू कर दिया है, जहां हम हरित पहल के लिए कुछ विशेष छूट देते हैं।' उन्होंने हालांकि इस बारे में विस्तार से नहीं बताया। गौरतलब है कि खारा कंपनियों द्वारा पर्यावरण को बचाने के झूठे वादों (ग्रीन-वॉशिंग) के खिलाफ चेतावनी देते रहे हैं। उन्होंने हरित वित्त के लिए बेहतर परियोजना रिपोर्ट का आह्वान किया ताकि हरित वित्त क्षेत्र को प्रभावित करने वाली सूचना विषमता को कम किया जा सके। उन्होंने हरित वित्त पारिस्थितिकी तंत्र पर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक नीति ढांचे की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

## रसायन विभाग की भौतिक फाइलें ई-फाइलों में बदलेंगी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग कार्यस्थल को अधिक खुला और स्वच्छ बनाने के लिए भौतिक फाइलों को ई-फाइलों में बदल रहा है। इसके अलावा विभाग 2022 से पहले खोली गई सभी ई-फाइलों की समीक्षा कर रहा है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि अधिकारियों को 9,800 ई-फाइलों की समीक्षा करने का काम सौंपा गया है। बयान के मुताबिक, विभाग मौजूदा सभी भौतिक फाइलों को 100 प्रतिशत स्कैनिंग और उसके बाद इलेक्ट्रॉनिक फाइलों में बदल रहा है। ऐसे में भौतिक फाइलों द्वारा घेरी गई पर्याप्त जगह खाली होने की उम्मीद है। यह विभाग रसायन और उर्वरक मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

# देश में तेजी से घट रही सस्ते घरों के खरीदारों की संख्या

■ इसके चलते 40 लाख रुपए या इससे कम कीमत वाले अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट्स लाने से बच रहे हैं डेवलपर

**नई दिल्ली (भाषा)।**

बिल्डर अब 40 लाख रुपये या इससे कम कीमत के मकानों की पेशकश में कमी ला रहे हैं। एनारॉक की रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है।

आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितम्बर तिमाही में देश के सात प्रमुख शहरों में नए घरों की पेशकश में सस्ते या किफायती मकानों का हिस्सा घटकर मात्र 18 प्रतिशत रह गया है। जुलाई-सितंबर 2018 में कुल नए मकानों की पेशकश में सस्ते घरों की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत थी।

एनारॉक के सात प्रमुख शहरों पर आंकड़ों के अनुसार, जुलाई-सितम्बर 2023 के दौरान नए घरों की कुल आपूर्ति 1,16,220 इकाई रही। इसमें सस्ते या किफायती घरों का हिस्सा 20,920 इकाई या 18 प्रतिशत रहा। जुलाई-सितम्बर 2018 में नए घरों की कुल आपूर्ति 52,120 इकाई थी, जिनमें से 21,900 (42 प्रतिशत) किफायती घर थे। वित्त वर्ष 2019 की तीसरी तिमाही में नई आपूर्ति में सस्ते घरों की हिस्सेदारी 41 प्रतिशत थी, जो 2021 की तीसरी तिमाही में घटकर 24 प्रतिशत रह गई। एनारॉक की रिपोर्ट में सात शहरों दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे के आंकड़ों को शामिल किया गया है।



माना जा रहा है कि बिल्डर अब अधिक मुनाफा कमाने के लिए लक्जरी आवासीय परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सस्ते मकानों में मुनाफे का मार्जिन भी कम रहता है। इसके अलावा जमीन की ऊंची लागत की वजह से आज किफायती आवासीय परियोजनाएं बिल्डरों के लिए आर्थिक रूप से व्यावहारिक नहीं रह गई हैं।

एनारॉक ने कहा कि जहां कुल नई आपूर्ति में किफायती घरों की हिस्सेदारी कम हो रही है, वहीं 1.5 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है। वास्तव में पिछले पांच साल में यह तीन गुना हो गई है। शीर्ष सात शहरों में जुलाई-सितम्बर में पेश की गई 1,16,220 इकाइयों में से 27 प्रतिशत (31,180 इकाइयां) लक्जरी श्रेणी में थीं। एनारॉक ने कहा, 'यह पिछले पांच साल में लक्जरी मकानों की आपूर्ति का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।' वित्त वर्ष 2018 की तीसरी तिमाही में लक्जरी घरों की कुल आपूर्ति में हिस्सेदारी सिर्फ नौ प्रतिशत थी। उस समय पेश की गई 52,120 इकाइयों में से केवल 4,590 लक्जरी श्रेणी की थीं।

## बिल्डरों को प्रौद्योगिकी समाधान अपनाने में मदद करेगा क्रेडाई

**नई दिल्ली (भाषा)।**

रियल एस्टेट क्षेत्र का शीर्ष निकाय क्रेडाई परियोजनाओं के निर्माण के समय को कम करने और गुणवत्ता में सुधार के लिए अपने लगभग 13,000 बिल्डर सदस्यों को प्रौद्योगिकी समाधान अपनाने में मदद करेगा।

मिस्र के शर्म-अल-शेख में अपने 21वें नैटकॉन रियल्टी सम्मेलन में क्रेडाई ने विशेषकर दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों के डेवलपर के बीच डिजिटलीकरण और कृत्रिम मेधा (एआई) की स्वीकार्यता को बढाने के लिए कई पहल की घोषणा की। इसका लक्ष्य 2033 तक रियल्टी क्षेत्र में एआई और आधुनिक निर्माण पद्धतियों को पूर्ण रूप से अपनाना है। क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन इरानी ने कहा, 'भारतीय रियल एस्टेट तकनीकी क्रांति के शिखर पर है।

क्रिकेट

**सेंटनर ने 59 रन देकर झटके 5 विकेट**

# न्यूजीलैंड की वर्ल्ड कप में दूसरी जीत, नीदरलैंड को 99 रन से रौंदा

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

बल्लेबाजों के कमाल के बाद मिशेल सेंटनर की फिरकी के जादू से न्यूजीलैंड ने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में सोमवार को यहां नीदरलैंड को 99 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड के 323 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड की टीम 46.3 ओवर में 223 रन पर सिमट गई। नीदरलैंड की ओर से सिर्फ कोलिन एकरमैन (68) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। उनके अलावा कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (30) ही 30 रन के आंकड़े को छू पाए।



न्यूजीलैंड की ओर से सेंटनर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 59 रन देकर पांच विकेट चटकाए। मैट हेनरी ने भी उनका अच्छा साथ निभाते हुए 40 रन पर तीन विकेट हासिल किए। न्यूजीलैंड ने सलामी बल्लेबाज विल यंग, कप्तान टॉम लैथम और रचिन रविंद्र के अर्धशतक से सात विकेट पर 322 रन बनाए। यंग (70 रन) और रविंद्र (51 रन) के बीच दूसरे विकेट की 77 रन की साझेदारी से टीम ने अच्छा मंच तैयार किया। कप्तान लैथम ने अंत में 46 गेंद में 53 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।




## लय में दिखे गेंदबाज

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज अच्छी लय में दिखे लेकिन नीदरलैंड के गेंदबाज भी रन गति पर अंकुश लगाने में सफल रहे। यंग और रविंद्र हालांकि अर्धशतक पूरे करने के बाद क्रमशः पॉल वान मीकेरन (59 रन पर दो विकेट) और वान डेर मर्व का शिकार बने। यंग ने वान मीकेरन की गेंद को पुल करने की कोशिश में बास डी लीडे को कैच थमाया जबकि रविंद्र विकेटकीपर स्कॉट एडवर्ड्स को कैच दे बैठे। लैथम और डेरिल मिशेल (47 गेंद में 48 रन) ने चौथे विकेट के लिए 53 रन जोड़कर रन गति में इजाफा किया।

## स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कॉनवे का डी लीडे बो डेर मर्व | 32 | 40 | 5 | 1 |
| यंग का डी लीडे बो वान मीकेरन | 70 | 80 | 7 | 2 |
| रविंद्र का एडवर्ड्स बो डेर मर्व | 51 | 51 | 3 | 1 |
| डेरिल मिशेल बो वान मीकेरन | 48 | 47 | 5 | 2 |
| लैथम रन एडवर्ड्स बो दत्त | 53 | 46 | 6 | 1 |
| फिलिप्स का एडवर्ड्स बो लीडे | 04 | 04 | 1 | 0 |
| मार्क का वान डेर मर्व बो दत्त | 05 | 13 | 0 | 0 |
| मिशेल सेंटनर नाबाद | 36 | 17 | 3 | 2 |
| मैट हेनरी नाबाद | 10 | 04 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 50 ओवर में 322/7

गेंदबाजी : दत्त 10-2-62-2, क्लेन 7-1-41-0, वान मीकेरन 9-0-59-2, वान डेर मर्व 9-0-56-2, एकरमैन 4-0-28-0, डी लीडे 10-0-64-1, विक्रमजीत 1-0-9-0.

| नीदरलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विक्रमजीत सिंह बो हेनरी | 12 | 20 | 1 | 0 |
| मैक्स पनबधा बो सेंटनर | 16 | 31 | 2 | 0 |
| एकरमैन का हेनरी बो सेंटनर | 69 | 73 | 5 | 0 |
| डी लीडे का बोल्ट बो रविंद्र | 18 | 25 | 3 | 0 |
| तेजा निदामानुरू रन आउट | 21 | 26 | 2 | 1 |
| एडवर्ड्स का एवं बो सेंटनर | 30 | 27 | 2 | 1 |
| एंगलब्रेट का कॉनवे बो हेनरी | 29 | 34 | 3 | 0 |
| वान डेर मर्व का हेनरी बो सेंटनर | 01 | 06 | 0 | 0 |
| क्लेन पनबाधा बो सेंटनर | 08 | 15 | 0 | 0 |
| आर्यन दत्त बो हेनरी | 11 | 20 | 0 | 1 |
| पॉल वान मीकेरन नाबाद | 04 | 03 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 46.3 ओवर में 223/10

गेंदबाजी : बोल्ट 8-0-34-0, हेनरी 8.3-0-40-3, सेंटनर 10-0-59-5, फर्ग्युसन 8-0-32-0, रविंद्र 10-0-46-1, फिलिप्स 2-0-11-0.

## राहुल की वापसी से स्थिरता मिली : म्हाम्ब्रे

**चेन्नई।** भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच में भारत की जीत के सूत्रधार विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की वापसी से मध्यक्रम को मजबूती मिली है। राहुल ने नाबाद 97 रन बनाये जिसकी मदद से भारत ने जीत दर्ज की। पांचवें नंबर पर उतरे राहुल को तीसरे ही ओवर में आना पड़ा चूंकि आस्ट्रेलिया ने दो ओवर के भीतर दो रन पर भारत के तीन रन निकाल दिए थे। म्हाम्ब्रे ने कहा, 'हमें हमेशा से पता था कि राहुल कितना शानदार बल्लेबाज है, खासकर बीच के ओवरों में। हमें ऐसा खिलाड़ी चाहिए जो स्पिन को बखूबी खेल सके।

एशियाड



# भारतीय खिलाड़ियों ने पहली बार हासिल की उपलब्धियां

## भारत ने जीते रिकार्ड 107 पदक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन के हांगझोउ में हुए 19वें एशियाई खेलों को भारतीय खिलाड़ियों के पदकों की रिकॉर्ड संख्या तथा कई खेलों में पहली बार परचम लहराने के लिए याद रखा जाएगा। इन खेलों में कई ऐसे खिलाड़ी शामिल थे जिन्होंने अपनी स्पर्धा में पहली बार देश के लिए पदक जीता या कई दशकों के पदक के सूखे को खत्म कर देश और खुद को गौरवान्वित किया।

**एथलेटिक्स** : अविनाश साबले (3000 मीटर स्टीपलचेज): साबले इन खेलों में 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। साबले ने इस दौरान इन खेलों के पहले के रिकॉर्ड आठ मिनट 22.79 सेकंड में सुधार किया।

पारुल चौधरी (5000 मीटर): पारुल ने महिलाओं की 5000 मीटर में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह 5000 मीटर दौड़ में एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई।

### अन्नू रानी (भाला फेंक)



इस खिलाड़ी ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की भाला फेंक में शीर्ष पुरस्कार हासिल किया। वह 62.92 मीटर के प्रयास के साथ भाला फेंक में एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

### बैडमिंटन

एच एस प्रणय ने पुरुष एकल जबकि सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने इन खेलों के पुरुष युगल में पदक के 41 साल के सूखे को खत्म किया। इससे पहले 1982 में युगल कांस्य पदक आया था। चिराग और सात्विक की जोड़ी ने भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। पुरुष टीम ने 1986 के बाद पहली बार रजत पदक जीता।



### टेबल टेनिस

सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा लेकिन इससे पहले क्वार्टर फाइनल में भारतीय जोड़ी ने चीन के मेंग चेन और यिडी वांग की शीर्ष रैंकिंग की जोड़ी को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

### निशानेबाजी

मनीषा कीर, राजेश्वरी कुमारी और प्रीति रजक की टीम ने महिलाओं की स्कीट में पहला रजत पदक जीता। अनंतजीत सिंह नरुका ने भी पुरुषों की स्कीट व्यक्तिगत स्पर्धा में देश के लिए पहला रजत पदक जीतकर भारतीय खेल के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया। युवा सिफ्ट कौर सामरा महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनी।

### तीरंदाजी

भारतीय पुरुष और महिला रिकर्व टीमों ने उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता कर तीरंदाजी में 13 साल के पदक का इंतजार खत्म किया। यह 2010 के एशियाई खेलों के बाद इस स्पर्धा में भारत का पहला पदक था।

### घुड़सवारी

भारतीय चौकड़ी ने एशियाई खेलों में ड्रेसेज टीम स्पर्धा में भारत के स्वर्ण पदक के सूखे को खत्म किया। यह घुड़सवारी में 41 वर्षों में भारत का पहला स्वर्ण पदक है। अनुश अग्रवाल ने खेलों में ड्रेसेज प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला व्यक्तिगत, कांस्य पदक जीता।

## खबर संक्षेप



### बटलर ने की एचपीसीए की कड़ी आलोचना

**धर्मशाला।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार को विश्व कप के मुकाबले से पहले एचपीसीए की आउटफील्ड को खराब बताया है। इससे पहले अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने भी आउटफील्ड की आलोचना की थी जहां उनकी टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच खेला था। बटलर ने कहा, 'आउटफील्ड को लेकर चिंताएं हैं। मेरे विचार से यह खराब आउटफील्ड है। इस पर फील्डिंग के दौरान काफी सावधानी बरतनी होगी।'

### 20 सदस्यीय जूनियर पुरुष टीम घोषित

**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने मलेशिया में 27 अक्टूबर से चार नवंबर तक होने वाले सुल्तान ऑफ जोहोर कप के लिए सोमवार को 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष टीम की घोषणा जिसकी कमान उत्तम सिंह को सौंपी गई है। राजिंदर सिंह टीम के उप कप्तान होंगे। टीम : गोलकीपर - मोहित एच एस, रणविजय सिंह यादव। डिफेंडर - अमनदीप लाकड़ा, रोहित, सुनील जोजो, सुखविंदर, आमिर अली, योगेम्बर रावत। मिडफील्डर - विष्णुकांत सिंह, पूवन्ना सी बी, राजिंदर सिंह, अमनदीप, सुनीत लाकड़ा, अब्दुल अहद। फॉरवर्ड - उत्तम सिंह, अरुण साहनी, आदित्य ललागे, अंगद बीर सिंह, गुरजोत सिंह और सतीश बी।



# बांग्लादेश में उत्साह इंग्लैंड करेगा वापसी

एजेंसी ▶▶ धर्मशाला

मैच : आज सुबह 10.30 बजे

पहले मैच में न्यूजीलैंड से मिली नौ विकेट से हार के बाद गत चैंपियन इंग्लैंड बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले विश्व कप के मैच में मजबूती से वापसी करने की कोशिश करेगा । न्यूजीलैंड से मिली हार जोस बटलर की टीम के लिए खतरे की घंटी थी। इंग्लैंड के अधिकांश क्रिकेटर आईपीएल खेलते हैं लिहाजा उन्हें भारतीय पिचों और स्पिनरों से मिलने वाली चुनौती का अहसास था।

बांग्लादेश इंग्लैंड की कमजोरियों का पूरा फायदा उठाना चाहेगा। बांग्लादेश की टीम जीत के साथ आगाज से आत्मविश्वास से लबरेज है। 36 वर्ष के हरफनमौला शाकिब अल हसन किसी भी टीम के लिये बड़ी चुनौती है। उनके अलावा बल्लेबाज लिटन दास, मेहदी हसन मिराज और नजमुल हसन शांतो ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है।





## अपनी कमजोरियों से पार पाकर उतरेंगे पाकिस्तान और श्रीलंका

**हैदराबाद।** नीदरलैंड के खिलाफ जीत भले ही शानदार नहीं रही हो लेकिन निरंतरता तलाश रही पाकिस्तान की टीम मंगलवार को विश्व कप के मैच में खराब फॉर्म से जूझ रही श्रीलंका के खिलाफ वापसी की कोशिश करेगी। नीदरलैंड जैसी एसोसिएट टीम के खिलाफ पाकिस्तान के बल्लेबाजों ने निराश किया। ऐसे में उसे श्रीलंका के खिलाफ सावधान रहना होगा जिसके पास धुरंधर स्पिन गेंदबाज हैं। आम तौर पर पाकिस्तानी बल्लेबाज स्पिन को बखूबी खेलते हैं लेकिन बाबर आजम एंड कंपनी को महीष तीक्षण और दुनिथ वेलालागे को हलके में लेने से बचना होगा।

मैच :आज दोपहर 12 बजे

# आईओसी, रिलायंस ने ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देने किया करार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति, ओलंपिक संग्रहालय और रिलायंस फाउंडेशन ने सोमवार को बच्चों के बीच खेल के माध्यम से ओलंपिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए एक समझौते की घोषणा की। इसकी शुरुआत मुंबई क्षेत्र से होगी और जल्द ही इसका विस्तार पूरे महाराष्ट्र में किया जाएगा।

इस समझौते के तहत चयनित स्कूलों में ग्रेड आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें खिलाड़ियों और छात्रों के बीच संवाद का आयोजन कर ओलंपिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए जागरुकता पर जोर दिया जायेगा। आईओसी के



अध्यक्ष थॉमस बाक ने कहा कि इस कार्यक्रम का अब तक दुनिया भर में प्रभाव रहा है और ओडिशा में अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन के साथ समझौता 'अभूतपूर्व ऊंचाइयों' तक पहुंच रहा है। बाक ने रिलायंस फाउंडेशन के साथ समझौते के बारे में कहा, 'उनके पास पूरे महाराष्ट्र में एक करोड़ 75 लाख बच्चों तक पहुंचने की क्षमता है और ओडिशा में अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन के साथ हमारी क्षमता और 70 लाख बच्चों तक पहुंचने की है।'

## फुटबॉल...



**बोगोटा।** एस्टाडियो मेट्रोपोलिटानो डे टेको में कोपा कॉनमबोल लिबर्टाडोरेस महिला 2023 में क्लब ओलिंपिया और यूनिवर्सिडैड डी चिली के बीच मैच के दौरान गेंद के लिए प्रतिस्पर्धा करतीं खिलाड़ी।

## पीएम मोदी आज एशियाड भारतीय दल से मिलेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हांगझोउ एशियाई खेलों में भाग लेकर लौटे भारतीय दल से मंगलवार को अपराह्न 4.30 बजे मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। भारत ने हांगझोउ एशियाई खेलों में 28 स्वर्ण समेत रिकॉर्ड 107 पदक जीते और वह चौथे स्थान पर रहा। एशियाई खेलों में यह भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। प्रधानमंत्री इस मौके पर खिलाड़ियों को उनकी असाधारण उपलब्धि के लिए बधाई देने के साथ ही भविष्य के लिये शुभकामनाएं भी देंगे।

## ट्रेन हादसे के 28 लावारिस शवों अंतिम संस्कार आज

**भुवनेश्वर। ओडिशा** के बालासोर में ट्रिपल टेन एक्सीडेंट को चार महीने हो चुके हैं। इस हादसे में 297 लोगों की मौत हुई थी। जिसमें 269 शवों को उनके घरवाले ले गए। अभी 28 शव ऐसे हैं जिन्हें लेने कोई नहीं आया। अब इन लावारिस शवों के दाह संस्कार का जिम्मा भुवनेश्वर नगर निगम (बीएमसी) को सौंपा गया है। बीएमसी अधिकारियों ने रविवार से 28 अज्ञात शवों को डिस्पोज ऑफ करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बीएमसी मेयर सुलोचना दास ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा- शवों को सीबीआई अधिकारियों की मौजूदगी में निगम को सौंप दिया जाएगा। हम मंगलवार को दाह संस्कार की योजना बना रहे हैं।

## दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में हल्के विमान क्रैश, दो की मौत

कैनबरा, (एजेंसी)। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में एक हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार पायलट और उसके पुत्र की मौत हो गई। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया पुलिस ने सोमवार को इस दुर्घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रविवार शाम दुर्घटना में पायलट के 24 वर्षीय बेटे की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी जबकि उन्हें गंभीर हालत में रॉयल एडिलेड अस्पताल में भर्ती किया गया जहां रात में उनकी मौत हो गई। दोनों पिता-पुत्र हल्के विमान सेसना में उड़ान भर रहे थे, जब रविवार को स्थानीय समयानुसार शाम 4:00 बजे एडिलेड से लगभग 200 किमी उत्तर में छोटे शहर क्रिस्टल ब्रुक के समीप एक खेत में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## 29 करोड़ रु. की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**हैदराबाद, (एजेंसी)**। तेलंगाना सीआईडी की ईओडब्ल्यू ने तमिलनाडु निवासी ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिस पर एक कंपनी को 29 करोड़ का नुकसान पहुंचाने का आरोप है। इस केस में आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी, दस्तावेजों की जालसाजी और उनके धोखाधड़ीपूर्ण उपयोग के आरोप शामिल हैं। आरोपी की पहचान अनिल बेनीप्रसाद अग्रवाल के रूप में हुई है। अनिल पर अन्य लोगों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता कंपनी, मेसर्स रवि डिस्टिलरीज लि. से धन का गबन करने का आरोप है। उन्होंने कथित तौर पर मेसर्स रवि डिस्टिलरीज लि.की आरंभिक आईपीओ के लिए गलत तरीके से मुख्य प्रबंधक के रूप में कार्य करके ऐसा किया।

## हम हक के लिए लड़ाई बंद नहीं करेंगे : अभिषेक

**कोलकाता (एजेंसी)**। टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह आशावादी हैं कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस बंगाल के लोगों की मांग सुनेंगे। टीएमसी प्रमुख एवं प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे बनर्जी ने एक्स पर कहा कि हम राजभवन के बाहर अपने शांतिपूर्ण धरने के पांचवें दिन में प्रवेश कर रहे हैं और मैं पूरे जोश और दृढ़ संकल्प के साथ बंगाल के लोगों के अधिकारों को कायम रखना जारी रखूंगा। उन्होंने कहा,''कल, राज्यपाल ने आखिरकार हमारे प्रतिनिधिमंडल से मिलने का फैसला किया।

## बुलंदशहर : दिनदहाड़े बैंक में छह लाख की लूट

**बुलंदशहर, (एजेंसी)**। उत्तर प्रदेश के जनपद जनपद बुलंदशहर में दिनदहाड़े तीन सशस्त्र नकाबपोश बदमाशों ने बैंक में घुसकर मौजूद बैंककर्मियों को बंधक बना लिया और कैश रूम में घुसकर 6लाख रूपए की लूट कर फरार हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि देहात कोतवाली क्षेत्र के नीमखेड़ा गांव में इंडियन ओवरसीज बैंक है। आज दोपहर लगभग दो बजे बैंक मैनेजर महेश मीणा, बैंक कैशियर, बैंक सखी, स्वीपर तथा चार पांच खाताधारक वहां मौजूद थे। तभी मुंह पर ढाटा बांध हथियारों से लैस बाइक सवार तीन बदमाश बैंक में घुसे तथा ग्राहकों को बाहर निकलकर उन्होंने वहां मौजूद बैंक मैनेजर सहित कर्मचारियों को बंधक बना लिया।

## आज का इतिहास

- 1756: ब्रिटिश गवर्नर जनरल रॉबर्ट क्लाइव ने कलकत्ता पर पुन: कब्जे के लिए मद्रास कूच किया।
- 1868: क्यूबा ने स्पेन से स्वतंत्रता पाने के लिए विद्रोह किया।
- 1906: भारतीय उपन्यासकार आर. के. नारायण का जन्म।
- 1910: वाराणसी में मदन मोहन मालवीय की अध्यक्षता मे प्रथम अभाय हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया।
- 1942: सोवियत संघ ने आस्ट्रेलिया के साथ अपने राजनयिक संबंध की शुरुआत की।
- 1954: बॉलीवुड अभिनेत्री रेखा का जन्म।
- 1964: टोक्यो में हुए ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का पहली बार दूरदर्शन पर सीधा प्रसारण किया गया।
- 1970: फिजी ने स्वतंत्रता प्राप्त की।
- 1971: अमेरिका के एरिजोना के लेक हवासु शहर में लंदन ब्रिज को पुनर्निर्मित किया गया। इसे ब्रिटेन से खरीदकर और तोड़कर अमेरिका लाया गया।

# भाजपा ने राजस्थान चुनाव में सात सांसदों को मैदान में उतारा

### राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा के 41 प्रत्याशी घोषित, वसुंधरा राजे को जगह नहीं

**नई दिल्ली।** भाजपा ने आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को जिन उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, उन 41 लोगों में सात सांसद भी शामिल हैं। ऐसा ही प्रयोग भाजपा ने मप्र में भी किया था। हालांकि, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के खास लोगों को सूची में जगह नहीं मिली।

विधायक नरपत सिंह राजवी और राजपाल सिंह शेखावत पूर्व मुख्यमंत्री के कुछ खास लोगों में से हैं जिन्हें जगह नहीं दी गई। पार्टी ने विधानसभा चुनावों में टिकट दिया है। उनमें सात सांसदों को टिकट दिया गया है। उनमें झोटवाड़ा से राज्यवर्धन राठौड़, विद्याधर नगर से दीया कुमारी, तिजारा से बाबा बालकनाथ, मंडावा से नरेंद्र कुमार, किशनगढ़ से भागीरथ चौधरी, सवाई माधोपुर से किरोड़ी लाल मीना और सांचौर से देवजी पटेल शामिल हैं।


सांसद राज्यवर्द्धन सिंह को दिया टिकट


सांसद दीया कुमारी को टिकट

## भाजपा के 17 सांसद अब लड़ेंगे विधायकी का चुनाव

**इस बार चुनाव की असली रणनीति**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी को 2018 के विधानसभा में राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम करारी हार मिली थी। चुनाव परिणाम आने के बाद यह हालत हो गई थी कि किसी भी राज्य में भाजपा अपने बलबूते पर सरकार बनाने का दावा तक पेश नहीं पर पाई। भाजपा यह गलती नहीं दोहराना नहीं चाह रही है। यही वजह है कि राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव जीतने के लिए सांसदों को टिकट दिया गया है। भाजपा की अंदरुणी खबर है कि अभी और कई सांसदों को चुनावी रण में उतारा जा सकता है। विधानसभा के बहाने भाजपा राज्यसभा में बहुमत को साधने की चाहत है। सभी राज्यों में अगर भाजपा को बहुमत मिलता है तो राज्यसभा में उसके बहुमत का रास्ता साफ हो जाएगा। दस लगातार देश में शासन के बाद भी अभी तक भाजपा देश के उच्च सदन में बहुमत नहीं प्राप्त कर पाई है। इसका दूसरा पहलू यह भी है कि सांसद अगर चुनाव जीतने में सफल रहते हैं तो उन्हें फिर लोकसभा चुनाव 2024 का टिकट नहीं देना पड़ेगा। इससे कई क्षेत्रों में सांसदों के प्रति नाराजगी को कम करने में भी मदद मिलेगी। नाराजगी वाली सीटों पर नए चेहरे को टिकट दिया जा सकेगा। तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनाव 2023 के लिए भाजपा की सूची आनी अभी बाकी है।

### बाढ़ राहत बचाव कार्य जारी, 82 लोगों की मौत

# सिक्किम में 34 शव हुए बरामद वायुसेना ने शुरू किया एयरलिफ्ट

**गंगटोक।** सिक्किम में बाढ़ राहत बचाव कार्य जारी है। इस बीच मरने वालों की संख्या में भी बढ़ी है। सोमवार को भारतीय सेना के 10 जवानों सहित अब तक 34 शव बरामद किया गया है। तीस्ता नदी के किनारे ही नौ शव बरामद हुए हैं। अब तक 82 लोगों का शव मिला है। एनडीआरएफ में 49 शव पश्चिम बंगाल के कूच बिहार, जलपाईगुड़ी और बांग्लादेश सीमा पर नदी तट से बरामद किया है।

**वायु सेना का बचाव कार्य तेज:** सिक्किम में सोमवार को मौसम साफ रहा। इसके साथ ही राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और भारतीय वायु सेना राहत और बचाव कार्य में तेजी दिखने को मिली। भारतीय वायु सेना ने सोमवार को पहले जत्थे को एयरलिफ्ट किया है। वायु सेना ने इन पर्यटकों मंगन के रिंगिम हेलीपैड पर उतारा गया है। सिक्किम में बाढ़ आने के बाद लाचेन और लाचुंग क्षेत्र में 3,000 से अधिक पर्यटक फंसे हुए हैं।





### पांच हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया

सिक्किम में पिछले छह दिनों में पांच हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। सिक्किम के उत्तरी क्षेत्र में अभी भी पर्यटक फंसे हुए हैं। भारतीय सेना लगातार ही पर्यटकों को सुरक्षित निकालने का प्रयास कर रही है। सिक्किम बाढ़ में 13 पुल बह गए। इमसें मंगन जिले के आठ पुल शामिल हैं। सबसे ज्यादा तबाही चुंगथांग शहर में हुई है और यहां 80 फीसदी हिस्सा बाढ़ की चपेट में है। पहली बार - 42 लोग को एयरलिफ्ट किया। दूसरी बार - 7 लोग को एयरलिफ्ट किया। तीसरी बार - 24 लोग को एयरलिफ्ट किया। चौथी बार - 46 लोग को एयरलिफ्ट किया। पांचवी बार - 22 लोग को एयरलिफ्ट किया। छठवी बार - 46 लोग को एयरलिफ्ट किया।



### त्रिशक्ति कोर कॉर्प्स कर रहा 1700 पर्यटकों और स्थानीयों की मदद

त्रिशक्तिकोर भारतीय सेना उत्तरी सिक्किम के लाचेन, लाचुंग, थांगु और चुंगथांग के दूरदराज के क्षेत्रों में फंसे लगभग 1700 पर्यटकों और स्थानीय लोगों को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान कर रही है। प्रतिकूल मौसम के बीच उपलब्ध अवसर में, सोमवार को 09 अक्टूबर को उत्तरी सिक्किम में लाचेन और लाचुंग घाटी से 200 से अधिक फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित निकाला गया। मिशन चल रहा है और जल्द ही और पर्यटकों को निकाला जाएगा। इस बीच फंसे हुए पर्यटकों के लिए हवाई मार्ग से राशन और चिकित्सा सामग्री की आपूर्ति की जा रही है।

### अफगानिस्तान में भूकंप से 3,000 लोगों की मौत


अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में गुरुवार को आए भूकंप में अबतक 3,000 लोगों की मौत हो गई। चित्र में अपने तबाह घर में अपनों को खोजता एक पुरुष। हेरात शहर में भूकंप के आने वाले झटकों से डरकर आम नागरिकों ने पार्क एवं सड़क पर रात बिताई।

## बिलकिस बानो मामले में जल्द रिहाई के खिलाफ याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या के मामले में दोषियों की जल्द रिहाई की अनुमति देने वाले गुजरात सरकार के फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई सोमवार को बुधवार तक के लिए टाल दी।

घटना 2002 में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के दौरान हुई थी। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने यह देखने के बाद आदेश दिया कि उसे बिलकिस बानो सहित याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर लिखित प्रस्तुतियां प्राप्त हुई हैं, मामले को 11 अक्टूबर, 2023 को दोपहर 2 बजे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करें। इससे पहले, दोषियों ने शीर्ष अदालत के समक्ष दलील दी थी कि उन्हें शीघ्र रिहाई देने वाले माफी आदेशों में न्यायिक आदेश का सार होता है और इसे संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत रिट याचिका दायर करके चुनौती नहीं दी जा सकती। जनहित याचिका याचिकाकर्ताओं में एक, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने तर्क दिया था कि जब बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था, तब वह पांच महीने की गर्भवती थी। उसके और उसके परिवार के खिलाफ किया गया अपराध मानवता के खिलाफ अपराध था, जो धर्म के आधार पर किया गया।

## पीईसी के पूर्व चेयरमैन के खिलाफ नया मामला दर्ज

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सीबीआई ने पीईसी के पूर्व सीएमडी अरुण कुमार मीरचंदानी और अन्य पूर्व अफसरों के खिलाफ सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को कथित तौर पर 194.61 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाने के लिए नया मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने मीरचंदानी और वाणिज्य मंत्रालय के तहत आने वाले सरकारी उपक्रम पीईसी के पूर्व अधिकारियों के खिलाफ कई मामले दर्ज किए हैं, यह उपक्रम वस्तुओं के आयात और निर्यात की सुविधा प्रदान करता है और आयातकों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। वर्तमान मामले में, यह आरोप लगाया गया है कि मुरैना स्थित केएस ऑयल्स ने विदेशी साख पत्र (एफएलसी) प्रक्रिया के तहत कच्चे खाद्य तेल के आयात के लिए पीईसी लि. से वित्तीय सहायता प्राप्त की।

**खरीदार का क्रेडिट लिया**

लेटर ऑफ क्रेडिट (एलसी) एक गारंटी है जो एक बैंक अपने ग्राहक की ओर से भुगतान प्रतिबद्धता का सम्मान करने के लिए देता है। पीईसी ने संबंधित विदेशी बैंकों से खरीदार का क्रेडिट लिया था।

## आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट से नायडू को झटका

**तीन जमानत याचिकाएं खारिज**

**विजयवाड़ा, (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट से एक बार फिर पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू को झटका लगा है। नायडू द्वारा विभिन्न मामलों में दायर तीन जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। आंध्र के पूर्व सीएम और तेदेपा के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को 371 करोड़ रुपये के कौशल विकास घोटाले में गिरफ्तार किया गया है। राज्य सीआईडी ने उन्हें नौ सितंबर को सुबह करीब छह बजे ज्ञानपुरम में बस में सोते वक्त गिरफ्तार किया था। सीआईडी का दावा है कि नायडू के ही नेतृत्व में मुखौटा कंपनियों के जरिये सरकारी धन को निजी संस्थाओं में हस्तांतरित करने की साजिश रची गई। नायडू ने शुक्रवार को नंदयाल जिले के बनगनपल्ली में जनसभा की थी।

## पीजी कालेज छात्र संघ चुनाव को लेकर प्राचार्य सहमत, छात्र नेताओं से की बातचीत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कॉलेज गाजीपुर में छात्रसंघ चुनाव कराने को लेकर छात्रों कि विगत दिनों छात्र संघ चुनाव तिथि घोषित करने की मांग को लेकर प्राचार्य द्वारा आज मिटिंग बुलाया गया था जिसमें पूर्व छात्रसंघ पदाधिकारियों समेत चुनाव लडने के इच्छुक प्रत्याशी इस मिटिंग में शामिल हुए। प्राचार्य द्वारा छात्रों कि मांग पर जिलाधिकारी को एक नवंबर से सात नवम्बर के बीच छात्रसंघ चुनाव कराने की बात कही है बशर्ते यदि विश्वविद्यालय द्वारा कोई परीक्षा इस तिथि के अंदर नहीं हुई और प्रशासन कि अनुमति मिली तो चुनाव सम्पन्न करा लिये जाएंगे। बता दें कि प्राचार्य द्वारा स्वतः कहा गया है कि लिंगदोह समिति की सिफारिश के अनुसार वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में चुनाव कराये जा सकते है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सम्पूर्णानंद यादव ने कहा कि महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो गई है फिर भी महाविद्यालय प्रशासन चुनाव द्वारा देरी किया जा रहा है। जिसे छात्र बर्दाश्त नहीं करेंगे पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि सरकार द्वारा कोई लिखित नोटिस नहीं जारी कि गयी है कि चुनाव नहीं कराये जाए। फिर विश्वविद्यालय व महाविद्यालय प्रशासन द्वारा क्यू जानबूझकर चुनाव को रोके हुए हैं यदि इस बार महाविद्यालय प्रशासन द्वारा तय तिथि पर छात्रसंघ चुनाव नहीं हुआ तो छात्र आमरण अनशन पर बैठने को बाध्य होंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होंगी। पूर्व अध्यक्ष अनुज कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा यदि महाविद्यालय प्रशासन को चुनाव कराने कि अनुमति नहीं देता है तो छात्र जिला बंद करने को बाध्य होंगे वही पूर्व महामंत्री प्रवीण विश्वकर्मा ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव न होने से छात्रों को अनेकों समस्या का सामना करना पड़ रहा है लेकिन छात्रों के प्रतिनिधित्व करने वाला कोई नहीं है। सभी छात्रों ने एक स्वर में छात्रसंघ चुनाव कि तिथि घोषित करने पर प्राचार्य को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ ही चुनाव तय तिथि पर कराये जाने की जिला प्रशासन से मांग कि है। बैठक में शामिल निखिल राज भारती, ईश्वर चन्द्र यादव,धीरज सिंह,प्रिस प्रजापति, धन्नजय कुशवाहा, अमृतांश बिन्द, निलेश बिन्द, कृष्णा यादव, राहुल कुमार,अभिषेक वर्मा,बाबू लाल गौतम, अभिजीत कुमार, रणविजय प्रताप,अनुज यादव, कृष्णा नन्द शर्मा, विकास कुमार,प्रशान्त कुमार,संजय मौर्य आदि छात्र नेता मौजूद थे।



## हमारे लोग टोल बूथों पर खड़े रहेंगे और टोल नहीं देने देंगे

**इसका विरोध किया तो हम टोल प्लाजा को जला देंगे: राज ठाकरे**

**मुंबई।** मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने महायुति सरकार (जिसमें भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजीत पवार की राकांपा गुट शामिल है) को मुंबई की सड़कों की मरम्मत करने की चेतावनी दी है, अन्यथा उन्हें अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के क्रोध का सामना करना पड़ेगा, जो सभी टोल प्लाजा को जला देंगे।

राज ठाकरे का अल्टीमेटम ऐसे समय आया है जब राज्य के लोग सड़कों की खराब स्थिति से निराश हैं, जिससे उनकी यात्रा का समय और अन्य संबंधित समस्याएं बढ़ गई हैं। मोटर योग्य सड़कों की दयनीय स्थिति को लेकर विपक्षी दल सरकार को घेरते रहे हैं। ठाकरे ने सोमवार को टोल-फ्री सड़कों पर दिवंगत भाजपा नेता गोपीनाथ मुंडे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेंद्र फड़नवीस और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बयान भी मीडिया को दिखाए।

मुंबई में प्रेस वार्ता में राज ठाकरे से पूछा कि आखिरकार टोल मनी का क्या होता है? एक ही कंपनी को लगातार टोल कैसे मिल रहा है? पिछले कुछ हफ्तों से, मनसे ने शहर की सीमाओं पर टोल प्लाजा पर मौन विरोध प्रदर्शन किया है, लेकिन राज्य सरकार ने कोई संज्ञान नहीं लिया है। इसलिए, आज की मनसे पीसी में नागरिक मुद्दों पर जोर दिया गया और अनुपालन न करने पर राज्य सरकार को सख्त कार्रवाई की धमकी दी गई।

## तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 11 श्रमिकों की मौत, पांच घायल

अरियालुर। तमिलनाडु के अरियालुर जिले के वेत्रियूर गांव में सोमवार को दुखद घटना में एक देशी पटाखा फैक्टरी में भीषण आग लगने से हुए विस्फोट में 11 श्रमिकों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि सोमवार को सुबह आग लगने से सिलसिलेवार विस्फोट हुए। श्रमिक स्थानीय त्योहारों के लिए इस्तेमाल होने वाले विभिन्न प्रकार के देशी पटाखे बनाने में लगे हुए थे। पुलिस ने कहा कि इन विस्फोटों से कई गोदाम और शेड नष्ट हो गए। यहां देशी पटाखों और अत्यधिक ज्वलनशील रसायनों का भारी भंडार जमा था। पुलिस जांच से पता चला है कि रसायनों को संभालने के दौरान घर्षण के कारण विस्फोट हुए, जिसके कारण भीषण आग लग गई। आग में जलने के कारण शव इतने क्षत-विक्षत हो चुके थे कि उन्हें पहचानना मुश्किल हो रहा था। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## प्रभु सुमिरन ही सदगति दिलाती है : प्रमोद महाराज

प्रखर पिंडरा वाराणसी। सन्त प्रमोद दास महाराज ने कहाकि जीवन को सदगति की ओर ले जाने का एकमात्र साधन प्रभु का सुमिरन है। बिना सुमरिन के सदगति नही मिल सकती। उक्त प्रवचन नारायण बाबा पब्लिक इण्टर कॉलेज खालिसपुर में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस परम पूज्य संत श्री प्रमोद दास महाराज ने देते हुए कही। उन्होंने बताया कि जीव को जग से नहीं बल्कि जगदीश से जुड़ना चाहिए। जग हमारे दुख का कारक है। संसार का सुख वासना में निहित है,जबकि राम जैसा सुख उपासना से ही प्राप्त होता है,आगे बताया कि पुरुषार्थी को सदैव ही विष का पान करना पड़ता है। विष अर्थात विरोध। कथा का रसपान राजेश त्रिपाठी, आत्मनारायण चौबे, सतीश पाण्डेय,उमेश सिंह, अजित मिश्रा, दिनेश उपाध्याय व महेश्वरी सिंह समेत सैकड़ो लोगों ने कथा का रसपान किया।



## किशोर स्वास्थ्य मंच के तहत 181 छात्राओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत किशोर स्वास्थ मंच 2023 का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुहम्मदाबाद के अन्तर्गत राजकीय बालिका इंटर कालेज मुहम्मदाबाद पर मंगलवार को वृहद रूप से आयोजित किया गया। जहां पर 181 छात्राओं का जांच किया गया और जांच के उपरांत उन्हें सलाह और एनीमिया ,आयरन और आईएफए की गोली दी गई। इस दौरान कई तरह की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया और विजय प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ आशीष राय ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की तरफ से कॉलेजों में इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए निर्देश दिया गया था। उसी के क्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मोहम्मदाबाद में किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्रों का हीमोग्लोबिन जांच कर एनिमिया व अन्य बीमारियों की पहचान एवं संदरभन साथ एनीमिया, आयरन और आई एफ ए की गोलियों के साप्ताहिक सेवन की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्हें पोषण के महत्व के बारे में और प्रतिभागियों को किशोरी सुरक्षा योजना, विशेषकर मेन्स्टूअल हाईजीन, लिंग हिंसा , तम्बाकू एवं अन्य मादक पदार्थों का सेवन व उनके दुष्परिणामों से भी अवगत कराया गया।

इस दौरान आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों को अपना आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनवा लेने के बारे में भी जानकारी दिया गया। जिस की जरूरत पड़ने पर आयुष्मान कार्ड का लाभ उठाया जा सके। इसके अलावा टीबी के लक्षणों के बारे में भी जानकारी दी गई और बताया गया कि अगर लगातार 2 सप्ताह तक खांसी आ रही हो तो उसकी जांच अवश्य करा ले। क्योंकि 2025 तक टीबी मुक्त भारत का प्रधानमंत्री का सपना है। छात्रों को एनीमिया यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य तथा मानसिक स्वास्थ्य से सम्बंधित पेंटिंग प्रतियोगिता, वाद विवाद , रंगोली तथा भाषण प्रतियोगिताओ का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर इंटर की सरिता, द्वितीय स्थान प्राप्त रचना एवं मोनिका हाईस्कूल की छात्रा रही। एवं रंगोली प्रतियोगिता में जानकी क्लास 12, एवं रिमझिम क्लास10 रही । सभी को अधीक्षक डॉ आशीष राय के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में 181 छात्राओं की जांच किया गया जिसमें आरबीएसके की टीम डा आर के वर्मा, आशा सिंह स्टाफ नर्स, रंजना देवी एएनएम , डब्ल्यू एच ओ से अभिषेक द्विवेदी,मोहित एल टी , सतीश के साथ साथ विद्यालय से कंचन एवं निशा एवं अन्य रही। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक संजीव कुमार ने किया एवं विद्यालय प्रबंध समिति का कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिव्यांगों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दिव्यांगता के बावजूद विभिन्न क्षेत्रों में काम करके शानदार उपलब्धि हासिल करने वाले दिव्यांगजनों को स्टेट अवार्ड से सम्मानित किया। केजरीवाल ने यहाँ एक कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले 11 दिव्यांगजनों के अलावा चार ओलंपिक खिलाड़ियों को भी स्टेट अवार्ड देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने वाले डॉ. अंबेडकर अस्पताल और गुरु तेग बहादुर अस्पताल को भी सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने अपनी दिव्यांगता को ताकत में बदला और शारीरिक रूप से सक्षम लोगों को भी पीछे छोड़ दिया। इन्होंने अपनी जिंदगी में कुछ न कुछ विशेष उपलब्धि हासिल की है और आगे भी देश के लिए कुछ करने की भूख है। हम सभी को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# खूबसूरत कालीन पर दिखी 'श्रीराम मंदिर और चंद्रयान मिशन' की झलक

## भारत में 17 हजार करोड़ का फैला है कालीन उद्योग कारोबार, अन्तर्राष्ट्रीय कालीन मेले में 68 देशों के 450 से अधिक पहुंचेंगे विदेशी खरीददार



प्रखर भदोही। भदोही की हस्त निर्मित कालीन वैश्विक पटल पर अपनी खुबसूरती एवं गुणवत्ता की छाप छोड़ रही है। भारत में 17 हजार करोड़ के कालीन उद्योग कारोबार में 60 प्रतिशत की भागीदारी भदोही कार्पेट बेल्ट की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में उत्तर प्रदेश में ओडीओपी कार्यक्रम एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान जैसी योजनाओं की वजह से सिर्फ चार साल में राज्य का निर्यात 250 गुना बढ़ गया है। इसके साथ ही 'एक जनपद, एक उत्पाद' जैसी नीति इस उद्योग के लिए वरदान साबित हुई है।

भदोही, मिजार्पुर एवं वाराणसी कालीन निर्माण का हब है। विशेष रूप से भदोही में हाथ से बनने वाली कालीन की अपनी अलग पहचान है। नए संसद भवन में भदोही की ही कालीन लगाई गयीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद भदोही के हस्त निर्मित कालीन एवं उसे बनाने वाले बुनकरों के अद्भुत हुनर की प्रशंसा भी कर चुके हैं। अपने उत्कृष्ट निर्यात के कारण भदोही को कालीन निर्यात में टाउन्स आफ एक्सपोर्ट एक्सलेंसी' एवार्ड मिला है। मुख्यमंत्री योगी ने ब्राण्ड कालीन का भी लोकापर्ण किया है। कालीन मेले का उद्घाटन सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। भदोही के जिला कारागार बन्दियों की तरफ से बनाई गयीं कालीन और उसके हस्तशिल्प कला की तारीफ भी खुद मुख्यमंत्री ने किया है। मेले में दुकान नंबर 20 पर बीकानेर की प्रसिद्ध नेचूरल जूट से निर्मित पेटलूम की कालीन आकर्षण का केंद्र है। अन्तरिक्ष के क्षेत्र में भारत की महान उपलब्धि चन्द्रयान लैडिंग के दृष्य को कुशल कारीगरों ने अपने हुनर से कालीन सीनरी पर उकेरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अयोध्या में निर्माणधीन श्रीराम मंदिर की चित्रकारी एवं मुख्यमंत्री के छबि वाली कालीन भी भेंट की गयीं।

प्रधानमंत्री मोदी की मेक इन इण्डिया एवं वोकल फार लोकल - लोकल फार ग्लोबल जैसी नीति कालीन उद्योग को बढावा देने में कारगर साबित हुई है। प्रधानमंत्री की मेक इन इण्डिया को जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट के साथ आगे बढ़ाने की दूरदर्शी सोच कालीन उद्योग के लिए बेहतर साबित हो रहीं है। कालीन उद्योग को टेक्नोलॉजी प्लेटफार्म उपलब्ध होने से हस्तशिल्पी एवं कारीगर वैश्विक मंच पर अपनी धाक जमाता हुआ दिखता है। दूसरी तरफ राज्य की योगी सरकार की तरफ से परम्परागत उत्पाद को प्रोत्साहित करने के लिए वन डिस्ट्रीक, वन प्रोडक्ड' की नीति कालीन उद्योग के साथ राज्य के दूसरे उद्योग के लिए वरदान साबित हो रहीं है। प्रदेश में इस योजना की शुरूवात 2018 में की गयीं थीं।

भदोही में आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कालीन मेले में लगभग 68 देशों के 450 से अधिक विदेशी खरीददार एवं 250 से अधिक उनके प्रतिनिधि इसमें सहभागिता कर रहे है। जिसमें यूएसए, आस्ट्रेलिया, यूरोप, बेल्जियम, इजिप्ट, जर्मनी, इटली जैसे देश शामिल हैं। भारतीय हस्तनिर्मित कालीन उद्योग में लगभग 20 लाख बुनकरों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिल रहा है।

भदोही में 08 से 11 अक्टूबर तक चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कालीन मेला चल रहा है। हस्तनिर्मित कालीन की सांस्कृतिक विरासत एवं बुनाई कौशल को बढ़ावा देने के लिए कालीन निर्यात सवर्धन परिषद (सी0ई0पी0सी0) एवं जिला प्रशासन ने कार्पेट एक्सपो मार्ट, कार्पेट सिटी भदोही में इस मेले का आयोजन किया है। 45 वां इण्डिया एक्सपो मार्ट अन्तर्राष्ट्रीय कालीन मेला है। कालीन मेले में 260 स्टॉलों का लगाया गया है। कालीन मेले में एक से बढ़कर एक खूब सूरत डिजाइन वाली कालीन का निर्माण किया गया है। कशी एवं प्रयागराज मध्य भाग की पवित्र भूमि में आयोजित इस मेले से सरकार और निर्यातकों को बढ़ी उम्मीद है। निश्चित रूप से कालीन मेलों के इतिहास में भदोही में आयोजित मेला इतिहास रचेगा।

## गहमर ट्रेनों के ठहराव को लेकर 10वें दिन धरना जारी, अब महिलाए भी संभालेंगी मोर्चा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद के गहमर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों को पुनः ठहराव को लेकर पिछले 11 दिनों से शांतिपूर्ण तरीके से धरना और प्रदर्शन किया जा रहा है जिसमें रविवार को जहां ग्रामीणों ने अपना मुंडन कराकर श्राद्ध कर्म किया तो वही सोमवार को महिलाओं ने धरना प्रदर्शन में मोर्चा संभालते हुए भगवान शिव से रेल मंत्री को सद्बुद्धि देने की कामना के साथ ही साथ आगे रेलवे चक्का जाम करने की भी बात कही । गहमर स्थानीय रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल से इस्लामपुर दिल्ली मगध एक्सप्रेस, जयनगर आनंद बिहार गरीब रथ एक्सप्रेस एवं कामाख्या भगत की कोठी एक्सप्रेस के खत्म हुए ठहराव को पुनः शुरू करने के लिए गहमर रेल ठहराव समीति व भूतपूर्व सैनिक संगठन ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जो आज



मंगलवार को 11 वें दिन भी जारी रहा। सोमवार को रेलमंत्री और रेल अधिकारीयों की आत्मा की शांति में लिए धरना स्थल पर गाँव की महिलाओं द्वारा शिवचर्चा का आयोजन किया गया। महिलाओं ने देवो के देव महादेव से प्रार्थना किया कि वह रेल मंत्री जो मृत समान हो गये हैं उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें ताकि वह हमारे रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव दें। इस संबंध में महिलाओ ने बताया कि हमारे गॉव के युवक 10 दिन से धरने पर बैठे हुए हैं, शांति पूर्ण घरने में उन्होनें रेल मंत्री एवं रेलवे के अधिलारियों के लिए बुद्वि शुद्वि यज्ञ, सुंदर कांड पाठ, रेलवे का पिंड दान, रेलवे के खिलाफ मुडंन करा कर विरोध प्रदर्शन कर लिया है। आज हम महिलाएं शिवचर्चा कर अपने स्टेशन पर ट्रेनों की मांग कर रहीं हैं। यदि जरूरत पड़ी तो हम महिलाएं अपने गॉव एवं अगल बगल के गांव के पुरुषों के साथ मिल कर रेलवे के खिलाफ बड़ी से बड़ी लड़ाई लड़ेगी।

## पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई

प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री स्वं मुलायम सिंह यादव की प्रथम पूण्यतिथि के अवसर पर निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल के नेतृत्व में विधि-विधान से हवन पूजन कर श्रधांजलि अर्पित कर गोष्ठी का आयोजन किया गया वहीं गोष्ठी मे नेताजी के जीवन पर चर्चा करते हुए पूर्व एमएलसी लंलन प्रसाद यादव ने कहा कि नेताजी उत्तर भारत के बडें समाजवादी और किसान नेता रहें।एक साधारण किसान परिवार में जन्म लेने वाले मुलायम सिंह ने अपना राजनीतिक जीवन उत्तर प्रदेश में विधायक के रूप में शुरू किया।और बहुत कम समय में ही मुलायम सिंह यादव का प्रभाव पूरे उत्तर प्रदेश में नजर आने लगा मुलायम सिंह ने उत्तर प्रदेश में अन्य पिछड़े वर्ग सामाजिक स्तर को ऊपर करने में महत्वपूर्ण कार्य किया वे सदा कमजोर गरीब की आवाज बने रहे। मुलायम सिंह यादव पहली बार 1967 में विधानसभा के सदस्य चुनें गयें और मंत्री बनें वे कई बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहें इसके अतिरिक्त वे केंद्र में रक्षा मंत्री के रूप भी रह चुके है मुलायम



सिंह यादव जब भी पद पर रहे दलित पिछड़े अल्पसंख्यक, किसान नौजवान के लिए बेहतर काम करके दिखाने का काम किया है। मुलायम सिंह यादव सदा राष्ट्रवाद, लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों में अटूट आस्था रही थी भारतीय भाषाओं, भारतीय संस्कृति और शोषित पीडित वर्गों के हितों के लिए उनका अनवरत संघर्ष जारी रखा।। गोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, राजबहादुर यादव, राहुल त्रिपाठी,राजेश यादव हिरालाल विश्कर्मा, श्रवण जयसवाल, राजेन्द्र टाइगर, डां मनोज यादव, इर्शाद मंसूरी, शुशील, विवेक रंजन, दीपचंद राम, मेवालाल गौतम, अमित यादव,डां जंग बहादुर यादव, संजीव साहू, अजमत अली, साजिद अलीम, लाल मोहम्मद रायनी, राजदेव पाल, अनवारुल गुड्डू, शर्मिला यादव, शकील मंशूरी, विकास सभासद, मनोज मौर्या, दिनेश फौजी, अनील दूबे, रामू मौर्या,धर्मेंद्र सोनकर डां जग बहादुर, अखिलेश यादव, हरिचंद प्रभाकर, शबनम नाज, अन्नू, लक्ष्मी शकर, आंनद मिश्रा आदि गोष्ठी का संचालन नि० महासचिव अंखड प्रताप यादव ने किया।

## बीडीओ ब्रिजेश अस्थाना ने फीता काटकर किया कूड़ा कचरा केन्द्र का लोकार्पण



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गाजीपुर जनपद के सदर विकासखंड स्थित ग्राम सभा खालिसपुर में निर्मित आरआरसी कूड़ा कचरा पृथक्करण केंद्र का लोकार्पण विकासखंड सदर के लोकप्रिय खंड विकास अधिकारी बृजेश कुमार अस्थाना द्वारा फीता काट कर किया गया। खंड विकास अधिकारी का आरआरसी खालिसपुर पहुंचने पर ग्राम प्रधान राजेश सिंह एवं सचिव कंचन कुमार जायसवाल ने माल्यार्पण कर एवं बुके देकर स्वागत किया। खंड विकास अधिकारी को ग्राम प्रधान राजेश सिंह ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप गांव के कूड़े का गांव में ही निस्तारण करने के लिए आर0आर0सी0 का निर्माण किया गया है एवं उसके नियमित रूप से संचालन के लिए माता शीतला स्वयं सहायता समूह, खालिसपुर की महिलाओं को जिम्मेदारी सौंप दी गई है जो नियमित रूप से आरआरसी पर आकर वहां आए हुए कूड़े का निस्तारण करेंगे आरआरसी पर वर्मी कंपोस्ट एवं खाद गड्ढा का निर्माण कराया गया है जिससे आरआरसी पर जैविक खाद बनाकर ग्रामीण जनता को भविष्य में उपलब्ध कराया जाएगा।

## पुरोहित परिवार ट्रस्ट ने विभिन्न विद्यालयो में छात्र-छात्राओं में वितरित किया एजुकेशन किट

प्रखर जौनपुर। शीतला चौकिया धाम स्थित शीतला महारानी पुरोहित परिवार ट्रस्टी के द्वारा स्कूली बच्चों के लिए एक किट वितरित करने का आयोजन किया गया,पढ़ाई सामग्री की किट मुख्य रूप से पंड्या पट्टी के शंकर जूनियर हाईस्कूल इमलो एवं जीवली के एक जूनियर हाईस्कूल में बच्चो में ट्रस्टी के अध्यक्ष विद्याधर त्रिपाठी के हाथों से बांटी गई । इस मौके पर छात्र छात्राओं में हर्ष व्याप्त हो गया ,ट्रस्टी के संस्थापक प्रधान न्यासी विद्याधर त्रिपाठी उर्फ मन्नू गुरु ने बताया कि हमारा ट्रस्ट हमेशा विभिन स्कूलों के बच्चो को स्कूल में एजुकेशन किट वितरित करता है,इस मौके पर दिनेश चंद्र त्रिपाठी ने अपने संबोधन में बताया कि पुरोहित परिवार ट्रस्ट का आशीर्वाद विभिन्न विद्यालय पर हमेशा बना रहता है ,मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती मनोज कुमार त्रिपाठी रही ,वही कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिलेश मिश्रा,शीतला प्रसाद मिश्रा,श्वेता पांडे,कल्याणी पांडे, कृतिका त्रिपाठी,का सहयोग रहा।

## 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के संयुक्त तत्वाधान में उपकार हॉस्पिटल सुंदरपुर में स्वच्छता अभियान संगोष्ठी रैली

प्रखर वाराणसी। सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष एवं गंगा हरीतिमा अभियान के ब्रांड अम्बेसडर अनिल कुमार सिंह के मिशन एक करोड़ पौध रोपण के तहत एवं श्री सुरेंद्र चौधरी पुलिस उपमहानिरीक्षक रेंज चंदौली एवं अनिल कुमार बृक्ष कमांडेंट 95 बटालियन के दिशा निर्देश में उपकार हॉस्पिटल सुंदरपुर वाराणसी के बच्चों और अध्यापक, अध्यापिका के साथ स्वच्छता अभियान संगोष्ठी एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री दिलीप पटेल भाजपा काशी प्रांत अध्यक्ष थे, विशिष्ट अतिथि अभिषेक कुमार सिंह सहायक कमांडेंट 95 बटालियन एवं श्री डाक्टर एस जे पटेल संस्थापक उपकार हॉस्पिटल ममता पटेल निदेशक उपकार हॉस्पिटल थी। मुख्य अतिथि महोदय ने हरी झंडी दिखाकर एक विशाल रैली को रवाना किए तथा सभी से आग्रह किया कि सभी लोग अपने आसपास के सरकारी संस्थानों,पार्कों को स्वच्छ रखें एवं अपने जन्मदिन शादी के सालगिरह आदि शुभ अवसरों पर एक-एक



पौधे भी लगाये। कार्यक्रम की अध्यक्षता सृजन संस्था के अध्यक्ष व गंगा हरीतिमा के ब्रांड एंबेसडर श्री अनिल सिंह जी ने की, कार्यक्रम प्रमुख रूप से उपकार हॉस्पिटल के निदेशक, अध्यापक अध्यापिकाएं एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व 95 बटालियन सीआरपीएफ के प्रवीण सिंह ने जवानों के साथ पूरे जोश के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिए,शत्रुघ्न पटेल भाजपा एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के सदस्य आदि लोगों ने भाग लिया, दिवाकर दुबे नगर निगम की टीम स्वच्छता अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गंगा हरीतिमा के ब्रांड एम्बेसेडर श्री अनिल सिंह जी के द्वारा 95 बटालियन सीआरपीएफ के जवानों व उपकार हॉस्पिटल एवं नर्सिंग होम वाराणसी के अध्यापक बच्चों एवं सीआरपीएफ के नौजवानों सृजन सामाजिक विकास न्यास के सदस्यों को जल संरक्षण हेतु एवं स्वच्छता,पौध रोपण, पर्यावरण के लिए शपथ दिलाये।।

## सिपाह का ऐतहासिक जुलूस ईद मिलादुन्नबी परंपरागत तरीके से सम्पन्न

प्रखर जौनपुर। नगर के मोहल्ला सिपाह का ऐतहासिक जुलुस ईद मिलादुन्नबी अंजुमन मोहम्मदिया सिपाह के तत्वावधान में बड़ी अकीदत व खुशनुमा माहौल में अपने परंपरागत तरीके से मनाया गया। जुलूस सिपाह चौराहा पर स्थित मकबरा फिरोज शाह से मुख्य अतिथि जगदीश राय विधायक जफराबाद द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद उठकर अपने कदीमी रास्तों से होते हुए आस्ताना हजरत अजमल शाह पर पहुंचकर जलसे के रूप मे परिवर्तित हो गया। जगह जगह लगे स्टॉल पर फन ए सिपहगरी के अखाड़े अपने फन का मुजाहिरा कर रहे थे तो वहीं अंजुमन पूरी रात नात व मनकबत के अशआर पढ़कर अपने पुरुस्कार को ग्रहण कर रही थीं। रात के आखीर पहर में जुलूस अपनी मंजिल पर पहुंचकर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। इस



पूरे जुलूस में प्रशासन भी चाक चौबंद रहा। मुख्य अतिथि जगदीश राय ने कहा कि जौनपुर अपने गंगा जमुना तहजीब के लिये पूरे देश में एक अलग स्थान रखता है यहाँ हिन्दू मुस्लिम एक दूसरे के धार्मिक त्योहारों में बराबर सम्मिलत होते हैं और समाज में एकता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में आपस में प्यार व मोहब्बत अति महत्वपूर्ण है इसलिये केवल प्यार बांटिए। मरकजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष शौकत अली मुन्ना राजा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ए दो आलम की विलादत के निस्बत से मुसलमान पूरे रबीउल अव्वल के महीने ईद मिलादुन्नबी की महफिल का आयोजन करते हैं जिसमें हजरत मोहम्मद स.अ.व से अपनी अकीदत व मोहब्ब्त का इजहार करते हैं। मुन्ना राजा ने कहा कि आज जरूरत है हम नबी की तालीमात के आईने में खुद को सवारें। इस अवसर पर डॉ पी.पी दुबे,डॉ अवधनाथ पाल, शायर अकरम जौनपुरी,अध्यक्ष मोहम्मद आजम,सेक्रेटरी मोहम्मद अरशद,नायब सेक्रेटरी आफताब अहमद,खजांची मोहम्मद वसी,डायरेक्टर रेहान अंसारी,नायब सदर सोनू अंसारी,जीशान खान,अबुजर शेख,कमालुद्दीन अंसारी,इकराम सौदागर,अरशद कुरैशी,डॉ अर्शी खान,मेराज खान,शोबी ताज कादरी,ताजुद्दीन अंसारी,मोहम्मद तबरेज,अजहरुद्दीन अंसारी,सरताज सिद्दीकी,शहाबुद्दीन विद्यार्थी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। अंत में कन्वीनर मोहम्मद अख़्तर ने आभार व्यक्त किया।

## जनपद में प्रथम आगमन पर कांग्रेसियों ने प्रदेश अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत

प्रखर सहजनवां/गोरखपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के सहजनवां क्षेत्र में प्रथम आगमन होने पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्रवण पांडेय के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओ के द्वारा सहजनवां के थाने चौराहे पर फूलमालाओं से लाद कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओ द्वारा सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा और अजय राय व कांग्रेस पार्टी के गगनभेदी नारे भी लगाये। प्रदेश अध्यक्ष लखनऊ से चलकर गोरखपुर में पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने जा रहे थे। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन होने की जानकारी कार्यकर्ताओ को पूर्व में ही हो चुकी थी। सुबह से ही सहजनवां थाने चौराहे पर भीड़ इक्टठी होनी शुरू हो गयी थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रवण पांडेय के नेतृत्व में सहजनवा के कार्यकताओं द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का फूलमालाओं से लादकर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालो में नगर अध्यक्ष संजय सिंह , मनोज यादव, श्रवण पांडेय, एसपी सिंह ऋषिचन्द गुप्ता, गब्बू



लाल प्रजापति, नरसिंह नारायन तिवारी, सर्वेश पांडेय, सुदर्शन शुक्ल , बद्री शुक्ल, सिंटू मिश्रा, मोनिका पांडेय, अनुराग पांडेय, निर्मला वर्मा, राजदेव तिवारी, सुनील पांडेय छेदी चौबे, रणजीत पांडेय , दीनानाथ शुक्ल,रवि प्रकाश, जाहिद अंसारी, बेचू हरिजन, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पिंडरा ब्लॉक के किसान का हुआ सम्मान

प्रखर पिंडरा वाराणसी। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी कृषि विश्वविद्यालय अयोध्या में संस्थान के स्थापना दिवस पर आयोजित एक समारोह के दौरान पिंडरा ब्लॉक के उदपुर निवासी प्रगतिशील किसान राजेन्द्र प्रसाद शर्मा को एकीकृत कृषि प्रणाली पर बेहतर कार्य करने पर केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान द्वारा अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान आयोजित दो दिवसीय मेले में कृषि विज्ञान केंद्र वाराणसी के तरफ से भी स्टॉल लगाया गया। जिसका नेतृत्व वाराणसी के कृषि वैज्ञानिक डॉ नरेंद्र रघुबंशी,डॉ मनीष, डॉ प्रतीक्षा सिंह ने किया।

### 49वां स्थापना दिवस समारोह एवं कृषि प्रदर्शनी विराट मेले का आयोजन



प्रखर डेस्क। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवम प्रौद्योगिकी कृषि विश्वविद्यालय, कुमारगंज अयोध्या में 49 वा स्थापना दिवस समारोह एवम कृषि प्रदर्शनी 2023 के रूप में 2 दिवसीय विराट मेले का आयोजन, विश्वविद्यालय के प्रांगण में भव्य रूप से किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय पशुपालन, डेयरी एवम मत्स्य पालन राज्य मंत्री केंद्र सरकार संजीव बालियान रहे। साथ में विधायक राम चंद्र यादव सहित कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति माननीय डॉ बिजेंद्र सिंह, अपर निदेशक डा आर आर सिंह, उपकार, महानिदेशक, डॉ संजय सिंह रहे। माननीय अतिथियों ने मेले में सभी स्टॉल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र वाराणसी ने भी मेले प्रांगण में स्टॉल लगाया जहां डॉ नरेंद्र रघुबंशी की अगुवाई में डॉ नवीन, डॉ श्रीप्रकाश, डॉ मनीष, डॉ प्रतीक्षा सिंह ने कृषि व मूल्य संवर्धन से संबंधित अनेक वैज्ञानिक तकनीकी को प्रस्तुत किया । मेले के दौरान मंत्री द्वारा प्रदेश के विभिन्न किसानों को सम्मानित किया जिसमे वाराणसी जनपद के प्रगतिशील किसान श्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा को एकीकृत कृषि प्रणाली हेतु शॉल व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया ।

### विहिप की शौर्य यात्रा का दानगंज में जोरदार स्वागत





प्रखर दानगंज वाराणसी। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में निकाली गई शौर्य जागरण यात्रा मंगलवार को आजमगढ जनपद के बाद जौनपुर के रास्ते वाराणसी जिले की सीमा दानगंज में प्रवेश की। जो जौनपुर के मोढ़ला होते हुए दानगंज के एक मैरेज हाल में पहुंची, जहां शौर्य यात्रा का जोरदार स्वागत कार्यकर्ताओ दौरा किया गया। विहिप के मनोज पाण्डेय व सत्य प्रकाश चौबे के नेतृत्व में शौर्य जागरण यात्रा का वाराणसी सीमा पर जोरदार स्वागत किया गया। शौर्य यात्रा आजमगढ़ से आगे बढ़ने के बाद जौनपुर की सीमा में प्रवेश करने के बाद वाराणसी की सीमा दानगंज में प्रवेश की। जहा पर कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और उन्हें जलपान कराया। इसके बाद यात्रा वाराणसी के लिए रवाना हो गई। वाराणसी में शौर्य यात्रा का समापन संपूणार्नंद विश्वविद्यालय में संपन्न हुआ। इस दौरान कार्यकताओं द्वारा जय श्री राम के जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मनोज पाण्डेय व सत्य प्रकाश चौबे ने कहा कि यात्रा का प्रमुख उद्देश्य हजारों वर्षों से हिंदू समाज व सनातन धर्म के विरुद्ध हो रहे षड्यंत्र एवं कुचक्रों से सावधान करना एवं जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम के संयोजक पूर्व जिला पंचायत सदस्य अखिलेश सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर मनोज पाण्डेय (बाबा) जिला अर्चक प्रमुख, सत्य प्रकाश चौबे चोलापुर प्रखंड अध्यक्ष, सम्पूर्ण त्रिपाठी (बाबा), जिला सह अर्चक प्रमुख, चिराग पाण्डेय जिला सह मंत्री, राजकमल पाण्डेय कार्यक्रम संयोजक, सुजीत कुमार सिंह कार्यक्रम संयोजक, धर्मेंद्र यादव गोरक्षक, अंशु बरनवाल गोरक्षक, राजेंद्र चौबे, गौरव बरनवाल, रणवीर चौबे सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं